अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2020 /81503 जबलपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025 , शुक्ल पक्ष प्रतिपदा , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -5 अंक - 141 पृष्ठ -08 मूल्य-4 रूपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बांग्लादेश में फिर हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है। और भारत विरोधी प्रदर्शन किये जा रहे हैं। वहां की एक कथित छात्र उसमान हादी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहां के कट्टरपंथी इस हत्या के पीछे भारत का हाथ बता रहे हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनूस मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं। जाहिर है बांग्लादेश की कट्टरपंथी ताकतों ने अब भारत विरोधी दुष्प्रचार को ही अपना प्रमुख हथियार बना लिया है। अब समय आ गया है कि भारत तटस्थता छोड़े और पाकिस्तान की कठपुतली बन चुके बांग्लादेश को सबक सिखाए।

चल पड़ी भोपाल मेट्रो : सीएम डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय मंत्री खट्टर ने दिखाई हरी झंडी

भोपाल/नवप्रदेश। नए साल से पहले बड़ा तोहफा मिला है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज से मेट्रो सेवा की शुरूआत हो चुकी है। सीएम डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मनोहर लाल खट्टर ने हरी झंडी दिखाई है। 21 दिसंबर से मेट्रो सेवा आम लोगों के लिए भी उपलब्ध रहेगी। यह सिर्फ एक परिवहन की परियोजना नहीं है ब्लकि भोपाल के भविष्य के लिए बड़ा कदम है. मिली जानकारी के अनुसार, अभी मेट्रो ट्रेन लगभग 7 किलोमीटर के दायरे में ही संचालित की जाएगी। यह सेवा सुभाष नगर से प्रारंभ होकर एम्स स्टेशन तक यात्रियों को ले जाएगी। भोपाल मेट्रो के शुभारंभ से शहर को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी. रोजाना बड़ी संख्या में दफ्तर, स्कूल, कॉलेज और अन्य

स्थान पर काम के लिए जाने वाले रोग यात्रा करते हैं. उन लोगों को मेट्रो तेज, सुलभ और किफायती परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराएगी. मेट्रो को आधुनिक तकनीक के साथ तैयार किया गया है रेलवे मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. इसके अलावा कोच में बैठने के लिए आरामदायक सीट, सीसीटीवी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं. फिलहाल मेट्रो तीन कोच के साथ प्रायोरिटी कॉरिडोर पर दौड़ेगी. प्रायोरिटी कॉरिडोर एम्स से सुभाष नगर तक 7 किलोमीटर में है. इसमें आठ स्टेशन है.सुभाष नगर से निकलते ही मेट्रो केंद्रीय विद्यालय स्टेशन, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर, रानी कमलापति इसके बाद में डीआरएम ऑफिस, अलकापुरी और अंत में एम्स मेट्रो स्टेशन पहुंची.

मनरेगा के लिए लड़ी थी और अब इसे खत्म करने के खिलाफ भी लड़ूंगी

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के खिलाफ भी लड़ेंगी।

अगस्ता वेस्टलैंड केस: क्रिश्चियन मिशेल को ईडी मामले में राहत



नई दिल्ली(आईएएनएस)। अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को राऊज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मनी लॉन्ड्रिंग केस में उसकी रिहाई का आदेश दे दिया है। हालांकि, राहत के बावजूद क्रिश्चियन मिशेल फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएगा, क्योंकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े मामले में अभी उसकी रिहाई का कोई आदेश नहीं आया है। ऐसे में उसे जेल में ही रहना होगा।

शांति बिल को लेकर जयराम का तंज

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर एक बार फिर तीखा हमला बोला है। इस बार उनका निशाना अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (2026 और भारत में हाल ही में पारित शांति विधेयक पर है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में अमेरिका के वित्तीय वर्ष 2026 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

2027 तक दोगुना होगा भारत का टैलेंट बेस

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, 'यह भारत के एआई डेवलपर इकोसिस्टम की गहराई को रेखांकित करता है। भारत का एआई टैलेंट बेस 2027 में दोगुना होने की उम्मीद है। यह जानकारी इंडस्ट्री के अनुमानों में दी गई। देश में बढ़ता एआई टैलेंट बेस ग्लोबल डेवलपर्स में भारतीयों की बढ़ती भागीदारी से भी दिखाता है।

बंगाल को जंगलराज से मुक्त करेंगे

पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ रुपये के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन

कोलकाता(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के तहेरपुर हेलीपैड पर उतरने की कोशिश में असफल रहे। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी, जिससे पीएम का हेलीकॉप्टर कुछ समय हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता हवाई अड्डे लौट गया। उन्होंने एयरपोर्ट से ही वर्चुअली संबोधन किया। उन्होंने खराब मौसम के कारण रैली स्थल तक नहीं पहुंच पाने पर लोगों से माफी भी मांगी।

पीएम मोदी ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को किया नमन

पीएम मोदी ने सभा को वर्चुअली संबोधन में महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि वंदे मातरम ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का मंत्र था। पीएम मोदी ने कहा वंदे मातरम को राष्ट्र निर्माण का मंत्र बनाना है।

घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने बंगाल समेत पूरे देश के लोगों को बड़ी राहत दी है और दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान देशभर के लोग इससे काफी लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है। पीएम ने कहा कि गंगा बिहार से होकर बंगाल तक जाती है और बिहार ने बंगाल को रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वे

■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगाल में डबल इंजन सरकार बनने दें

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कई विकास परियोजनाएं राज्य सरकार की वजह से लंबित पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर टीएमसी भाजपा का विरोध करना चाहती है तो करे, लेकिन राजनीतिक फायदे के लिए विकास को रोके जाने की बात समझ से बाहर है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को एक मौका दें, डबल इंजन सरकार बनने दें और भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बंगाल के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी।

जी राम जी विधेयक का लक्ष्य नये रुप में मजबूत बनाना

विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर विपक्ष के कड़े विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस विधेयक का लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है बल्कि इसे नये सिरे से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि विधेयक का लक्ष्य रोजगार गारंटी बढ़ाना, स्थानीय योजना को शामिल करना, मजदूरों की सुरक्षा और खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाना और ग्रामीण आजीविका व्यवस्था को बदलना है। श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के एक लेख को शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए एक पोस्ट में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सिंह ने लेख में विधेयक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने लोगों से इस लेख को पढ़ने की अपील की है। पोस्ट में उन्होंने कहा- इस जरूर पढ़े जाने वाले लेख में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बताते

■ शेष पृष्ठ 6 पर

केरल में छत्तीसगढ़ के मजदूर को बांग्लादेशी समझकर पीटा, मौत

■ लात-घूसों से की गई पिटाई, सीने से बहा खून

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के एक प्रवासी मजदूर को केरल में बांग्लादेशी समझकर इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। सक्ती जिले के करही गांव के रहने वाले रामनारायण बघेल (31) लगभग एक हफ्ते पहले मजदूरी के लिए केरल के पल्लकड़ जिले गए थे और काम की तलाश कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, केरल पुलिस ने मृतक की पहचान आधार कार्ड से कर सक्ती पुलिस को सूचना दी कि 17 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। ऐसा कहा जा रहा है कि, पल्लकड़ के रहने वाले स्थानीय लोगों ने उन्हें बांग्लादेशी

■ शेष पृष्ठ 6 पर

शव पैतृक गांव तक पहुंचाने की मांग

मृतक के परिजनों ने केरल सरकार या पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक मुआवजे की घोषणा न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने सरकार से तत्काल मुआवजा देने, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने और रामनारायण के शव को उसके पैतृक गांव तक पहुंचाने की मांग की है। मृतक के कुछ परिजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए है, ताकि कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को वापस लाने की व्यवस्था की जा सके।

बांग्लादेश में हिंसा- 7 साल की बच्ची को जिंदा जलाया

ढाका। बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर सदर में शुक्रवार देर रात कुछ उपद्रवियों ने एक घर को बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग में जिंदा जलने से एक 7 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। यह घर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता बिलाल हुसैन का है। पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 1 बजे की है। आग लगने से बिलाल की 7 साल की बेटी आयशा अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बिलाल हुसैन और उनकी दो अन्य बेटियां सलमा अख्तर (16) और सामिया अख्तर (14) गंभीर रूप से झुलस गए।

ट्रंप की दवा कीमतों में कटौती की घोषणा

भारतीय फार्मा सेक्टर पर पड़ेगा असर

वाशिंगटन(आईएएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवाओं की कीमतों में बड़ी कटौती का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि इसका असर पूरी दुनिया के दवा बाजार पर पड़ेगा, जिसमें भारत का जेनेरिक दवाओं का निर्यात क्षेत्र भी शामिल है। अमेरिका अब दवाओं की कीमत तय करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। दवाओं के मामले पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में लोग अब दुनिया में कहीं भी ली जाने वाली सबसे कम कीमत से ज्यादा दाम नहीं चुकाएंगे। उन्होंने कहा कहा, आपको सबसे पसंदीदा देशों वाली कीमत मिलेगी। यह घोषणा स्वास्थ्य क्षेत्र और कई बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में की गई।

ट्रंप ने कहा कि दशकों से अमेरिकी नागरिकों को दुनिया में सबसे महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने दावा किया कि दवा कंपनियों ने कई प्रमुख दवाओं की कीमतों में भारी कटौती पर सहमति दी है। उनके अनुसार, कुछ दवाओं की कीमतें तीन सौ से लेकर सात सौ प्रतिशत तक घटाई जाएंगी। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा कि विदेशी सरकारों पर दवाओं की कीमतें कम करने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका शुल्क यानी टैरिफ का इस्तेमाल करेगा।

राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत:एक घायल

नगांव/गुवाहाटी। असम के होजाई जिले मे शनिवार सुबह हाथियो का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट मे आ गया। हादसे मे सात हाथियो की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। अधिकारियो ने बताया कि हादसे मे ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुई। शुरुआत मे आठ हाथियो के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद मे पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे मे किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके मे घना कोहरा होने के कारण यह हादसा हुआ होने की आशंका है। मृत हाथियो का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे है। नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि हादसा गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर दूर लुमडिंग डिवीजन के तहत जमुनामुख-कांपुर सेक्शन मे हुआ। हादसे वाली जगह अधिसूचित हाथी कॉरिडोर नहीं है।

टी-20 वर्ल्डकप, ईशान की वापसी; गिल बाहर

15 फरवरी को भारत-पाक मैच

■ सूर्या कप्तान, अगरकर बोले- गिल रन नहीं बना पा रहे

मुंबई/वार्ता। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। शनिवार को मुंबई स्थित बीसीसीआई हेड ऑफिस में बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में स्क्वॉड का ऐलान किया। अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया। संजू सैमसन भी टीम का हिस्सा हैं। ईशान किशन और रिंकू सिंह को मौका दिया गया है।

यह टीम वर्ल्ड कप से पहले 21 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड मैच से होगी। इसी दिन भारत वानखेड़े स्टेडियम में यूएई से अपना पहला मैच खेलेगा। फाइनल 8 मार्च 2026 को खेला जाएगा। इसका वेन्यू बाद में तय होगा। भारतीय टीम से 7 प्लेयर्स पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप खेलेंगे। जबकि 8 प्लेयर्स ऐसे हैं, जो टी-20 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं। टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होना है। विश्वकप 7 फरवरी से शुरू होगा।

आजादी के 100 साल को ध्यान में रखते हुए तैयार करें शहरों के विकास की योजना : केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल

विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये समन्वय से करें योजना का क्रियान्वयन

अधोसंरचना विकास के कार्यों में बजट का हो सही उपयोग

भोपाल में हुई शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा है कि शहरों के विकास के लिये केन्द्र सरकार से मिलने वाली बजट राशि का पूरा उपयोग समय पर किया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की जो कल्पना की है, उसे तभी पूरा किया जा सकेगा, जब केन्द्र और राज्य सरकार पूरे समन्वय के साथ कार्य करेंगी। केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल शनिवार को भोपाल के कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर मे शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक (उत्तरी एवं मध्य राज्य) को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री, राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं राज्यों के

अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिये तैयार की गई कार्य दिशा पुस्तिका का विमोचन किया।

केन्द्रीय शहरी मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी अनुमान के मुताबिक कुल आबादी की 50 प्रतिशत तक हो जाएगी। जब हम इसे ध्यान में रखते हुए शहरी योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे, तभी विकसित और आत्मनिर्भर भारत बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि शहरी कार्य मंत्रालय ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिये देश में क्षेत्रवार राज्यों की बैठक करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हर राज्य की भौगोलिक स्थिति और परेशानियां अलग है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों के विकास के लिये केन्द्र सरकार सपोर्टिंग सिस्टम के रूप में काम करती है, ठोस प्रयास तो राज्य सरकारों को ही करना होगा।

ठोस कार्य योजना करें तैयार

केन्द्रीय शहरी मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि क्षेत्रीय बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शहरी परिवहन व्यवस्था पर मुख्य रूप से चर्चा की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में तैयार मकानों के आवंटन न होने पर चिंता प्रकट की। राज्य सरकारों को यह प्रयास करना होगा कि जनता की वित्तीय हिस्सेदारी में प्रभावी रूप से किया जाये। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सबको आवास केन्द्र सरकार की फ्लेगशिप योजना है। इस योजना को पूरा करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ प्राइवेट रियल्टी सेक्टर के उद्यमियों को प्रोत्साहित करना होगा।

मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों को बनाया जा रहा है आत्मनिर्भर

मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में नगरीय निकायों को आर्थिक और

■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश सिर्फ रोजगार से नहीं, उद्यमिता से बढ़ता है आगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यंग इंटरप्रेन्योर फोरम समिट: 2025 में की सहभागिता

हम सैकड़ों हाथों से कमाएं और हजारों हाथ से बांटे

हमारे डीएनए में है उद्यमशीलता

देश का सबसे तेज गति से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य बना मध्यप्रदेश

भारत ने अच्छाई, सच्चाई और संपन्नता को बांटा है विश्व से

भारत जल्द ही बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा शक्ति ही सदैव नया इतिहास लिखती है। युवाओं की असीम ऊर्जा, नवाचार और उद्यमशील सोच से ही हमारा मध्यप्रदेश लगातार प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश युवा ऊर्जा से भरपूर है और सामूहिक प्रयासों से हम विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता हम भारतीयों के डीएनए में है। उद्यमिता हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है, जिसे आज के नव उद्यमी आधुनिक तकनीक, नवाचार और अपने हुनर से नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में यंग इंटरप्रेन्योर फोरम समिट: 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के नव उद्यमियों ने अपनी मेधा, कौशल और आधुनिक तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से उन्होंने स्वयं का नया मुकाम बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय उद्यमिता की विशेषता यही है कि हम केवल लाभार्जन तक ही सीमित नहीं रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित से भी सदैव जुड़े रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा उद्यमियों ने जोखिम उठाने की क्षमता तथा अपने साहस से समाज और प्रदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा उद्यमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब जो भी करना चाहते हैं, पूरे मनोयोग और आत्मविश्वास के साथ करें। शुरुआत कर ली है तो विस्तार की ओर बढ़ें तथा अगर विस्तार कर रहे हैं तो पूरी समाज को साथ में लेने का प्रयास करें। सरकार सहयोगी बनकर हमेशा आप सबके साथ खड़ी है। नव उद्यमियों को उनका व्यापार-व्यवसाय, बिजनेस यूनिट, औद्योगिक इकाई की स्थापना सहित इसमें उत्पादन प्रारंभ करने तक सभी जरूरी मदद मुहैया कराई जायेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने सपनों को साकार करने की ओर पूरी ताकत और मेहनत से आगे बढ़ें तथा अपने नवाचारों और उद्यमशीलता से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में फार्मा से लेकर एग्रीकल्चर तक, फिशरीज से लेकर फूड प्रोसेसिंग तक, टेक्नोलॉजी से लेकर टूरिज्म तक ऑटोमोबाइल से लेकर मैनुफैक्चरिंग, हर क्षेत्र में निवेश आ रहा है और रोजगार के नये-नये अवसर सृजित हो रहे हैं। उद्यमिता तभी सफल है जब वह राष्ट्र-कल्याण से भी जुड़ी हो। नये भारत के निर्माण का सुनहरा अवसर युवा उद्यमियों को मिला है तो देश के विकास में अमिट योगदान दीजिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का उज्जवल भविष्य आज हमारे साथ है। युवाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में विचार, आस्था, उद्यम और निवेश के माध्यम से समाज को दिशा दी है। किसी ने राष्ट्र और मूल्यों को वैचारिक दिशा दी, किसी ने युवाओं को उद्देश्य और अनुशासन से जोड़ा, किसी ने उद्यमिता का आत्मविश्वास जगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत उपभोक्ता नहीं, उत्पादक राष्ट्र बने, यही आज की आवश्यकता है और यह काम युवाओं के संकल्प से ही पूरा होगा। युवा ही भारत को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी वाली अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

भारत में लोक-कल्याण का संस्कार रही है उद्यमिता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में उद्यमिता लोक कल्याण के संस्कार के रूप में हमारे रक्त में बहती है। देश सिर्फ रोजगार से नहीं, उद्यमिता से आगे बढ़ता है। उद्यम से कई लोगों को रोजगार मिलता है, अर्थव्यवस्था का पहिया घूमता है। मध्यप्रदेश तेजी से विकसित होते राज्यों में अग्रणी है। पिछले दो वर्ष में हमने उद्योग, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में निर्णायक और दूरगामी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हमने नया इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल प्रारंभ किया है। ह नया पोर्टल निवेशकों को नीति, अनुमति, प्रोत्साहन तथा एआई आधारित फिजिबिलिटी जैसी कई सुविधाएं एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के पास एक लाख एकड़ का विशाल लैंड बैंक है, मध्यप्रदेश में जीपीएस प्रणाली द्वारा औद्योगिक भूमि बैंक का सुदृढ़ीकरण किया गया है, ताकि निवेशकों को समय पर और उपयुक्त भूमि उपलब्ध हो सके। हमारा उद्देश्य प्रदेश में न केवल निवेश-अनुकूल नीतियां तैयार करना है, बल्कि इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी है।

नये स्टार्टअप्स के लिए राज्य सरकार ने लागू की है समग्र और दूरदर्शी नीति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसी साल फरवरी में हुई जीआईएस से मध्यदेश को 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इनमें से रुपये 8.57 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। प्रदेश में आज 6 हजार 400 से अधिक स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनमें से 3 हजार से अधिक स्टार्टअप यानी लगभग 50 प्रतिशत स्टार्टअप्स महिलाओं द्वारा संचालित है। उन्होंने बताया कि नये स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार ने एक समग्र और दूरदर्शी नीति लागू की है। इसके अंतर्गत सीड फंड के रूप में प्रति स्टार्टअप 30 लाख तक सहायता, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा मान्यता वाले स्टार्टअप्स के लिए 100 करोड़ का निवेश कोष, निवेश अथवा ऋण पर 18 प्रतिशत तक सहायता और 72 लाख तक सब्सिडी दी जा रही है। घरेलू पेटेंट के लिए रुपये 5 लाख तक की और अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट के लिए रुपये 20 लाख की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे रुपये 43 लाख 20 लाख 4 वर्षों में 3 हजार अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। पिछले हजार से अधिक नई 26 विनिर्माण इकाइयां स्थापित हुईं। इनमें 66 हजार करोड़ से अधिक निवेश और 1 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने यंग इंटरप्रेन्योर फोरम समिट के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में हुई यह नई पहल अब देश-विदेश में भी नव उद्यम का नया अलख जगायेगी।

भोपाल में 7 साल की बच्ची से बंधक बनाकर रेप

पार्क में खेल रही मासूम को कार्टून दिखाने का लालच दिया; घर में गलत काम किया

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के अशोका गार्डन थाना इलाके में 7 साल की बच्ची से रेप की वारदात सामने आई है। आरोपी पार्क में खेल रही मासूम को साथ ले गया। घर में उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद टॉफी का लालच देकर बच्ची को किसी को भी ना बताने को कहा और छोड़ दिया। घर पहुंचकर मासूम ने अपनी मां को पूरा घटनाक्रम बताया। मां ने परिवार और पड़ोसियों को वारदात की जानकारी दी। इसी बीच बजरंग दल कार्यकर्ताओं को भी घटना की जानकारी लगी और वह मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने आरोपी को तलाश कर पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। बजरंग दल के सोनू हिंदू ने बताया कि बच्ची शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे अपने घर के बाहर पार्क में खेल रही थी। तभी आरोपी नरेंद्र राजपूत बच्ची को कार्टून दिखाने के बहाने अपने घर ले गया। यहां उसके साथ गलत हरकत की। करीब 1 घंटे बाद उसने बच्ची को छोड़ा। स्थानीय लोगों के माध्यम से हम तक यह जानकारी पहुंची। हमारे कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को पुलिस को सौंपने के बाद भीड़ थाने पहुंच गई और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने आरोपी पर अपहरण, रेप और पॉक्सो के तहत केस दर्ज किया है। बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट में रेप का खुलासा हुआ है। पुलिस आरोपी को शनिवार दोपहर बाद कोर्ट में पेश करेगी। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस को उसने बताया कि बच्ची को अकेला देख उसकी नीयत खराब हुई थी। वारदात से पहले उसने अश्लील फिल्में देखी थी। फिर शराब के नशे में धुत होकर मासूम से ज्यादती की। आरोपी पहले प्राइवेट जॉब करता था, फिलहाल बेरोजगार था।

एमपी के 20 से ज्यादा जिलों में घना कोहरा, विजिबिलिटी 50 मीटर से कम, पारा 4 डिग्री तक लुढ़का

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के उत्तरी अंचलों में सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पारा 4 डिग्री तक गिर गया है। ग्वालियर-चंबल, रीवा, सागर के साथ जबलपुर और शहडोल संभाग के करीब 20 जिलों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी 50 मीटर से कम होने से ट्रेन और उड़ानें प्रभावित हैं। मध्यप्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ग्वालियर-चंबल, रीवा, सागर और जबलपुर-शहडोल संभाग के करीब 20 जिलों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कई इलाकों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई। वहीं तापमान में तेज गिरावट के चलते पारा 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में न्यूनतम तापमान तेजी से गिरा। शिवपुरी में सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इंदौर में पारा 4.1 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि भोपाल में 6.4 डिग्री, उज्जैन में 7.2 डिग्री, जबलपुर में 8.6 डिग्री और ग्वालियर में 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

कोहरे से रेल और हवाई यातायात प्रभावित

घने कोहरे के चलते दिल्ली से भोपाल और इंदौर आने वाली कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। शताब्दी, मालवा, झेलम, कर्नाटक, सचखंड, छत्तीसगढ़, कोल्हापुरङ्कमंगला लक्ष्यदीप एक्सप्रेस और पंजाब मेल 30 मिनट से लेकर 8 घंटे तक लेट चल रही हैं। पिछले तीन दिनों से यही स्थिति बनी हुई है।वहीं, इंदौर और भोपाल से दिल्ली, मुंबई, गोवा और बेंगलुरु जाने वाली उड़ानों पर भी असर पड़ा है।

इन जिलों में कोहरे का अलर्ट

शनिवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, जबलपुर, दमोह, कटनी, मैहर, उमरिया और शहडोल में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में सुबह 10 बजे तक कोहरा छाए रहने की संभावना जताई गई है।

सुबह-रात को ज्यादा असर, सावधानी जरूरी

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार देर रात और सुबह के समय कोहरे का प्रभाव सबसे ज्यादा रहता है। इसी कारण लोगों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की गई है।मौसम विभाग ने कम दृश्यता के चलते अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। जरूरी होने पर वाहन चलाते समय फॉग लैंप और लो बीम हेडलाइट का उपयोग करें और धीमी गति से ड्राइव करें। तेज ठंड में सिर, गर्दन और हाथ-पैर अच्छी तरह ढंककर रखें। सर्दी, खांसी या फ्लू के लक्षण होने पर डॉक्टर से संपर्क करें। विटामिन-सी युक्त फल और सब्जियों का सेवन करें। कोहरे में मौजूद प्रदूषक तत्व सांस की समस्या बढ़ा सकते हैं, इसलिए मास्क पहनें और नियमित व्यायाम करें। वहीं लंबे समय तक कोहरे से फसलों में नमी बढ़ने और रोग फैलने की आशंका रहती है। किसान फसलों की नियमित निगरानी करें। टमाटर, मिर्च, फूलगोभी और सरसों की फसलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पशु शालाओं में वेंटिलेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

अटलजी की जयंती पर होंगे अटल स्मृति सम्मेलन: सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजन

अटलजी के जीवन दर्शन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएंगी

भोपाल/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 25 दिसंबर को जन्म दिवस है। इस उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलनों की शुरूआत 24 दिसंबर से होगी और 31 दिसंबर को समापन। इसके साथ ही अटल जी के जीवन दर्शन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि अटल जी की जयंती के अवसर पर उनके साथ कार्य कर चुके सामाजिक, विशिष्ट नागरिकों के साथ-साथ चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

अरुण सिंह ने बताया कि 24 दिसंबर को प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जहां-जहां अटल जी की प्रतिमा या स्मारक स्थापित हैं, वहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उसी दिन दीपोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। भाजपा के सभी जिला कार्यालयों में भी दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे।

25 दिसंबर को अटल स्मृति सम्मेलन

उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को सभी विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों में अटल जी की स्मृति में कविता पाठ, सुशासन से जुड़े कार्यक्रम और विचार गोष्ठियां आयोजित होंगी।

ग्वालियर आएंगे अमित शाह

अरुण सिंह ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ग्वालियर पहुंचेंगे और अटल जी के नाम पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। एक सवाल के जवाब में अरुण सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में इस समय नकारात्मक सोच हावी है। उन्होंने कहा कि चाहे वंदे मातरम का मुद्दा हो या कोई और विषय, कांग्रेस हमेशा नकारात्मक दृष्टिकोण के साथ काम करती है।

उप मुख्यमंत्री ने सांसद कप खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

खेलों से तन मन स्वस्थ्य रहने के साथ मिलती है अनुशासन की सीखः उप मुख्यमंत्री

भोपाल/नवप्रदेश। रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 29 अगस्त से सांसद कप खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा विधानसभा क्षेत्र की सांसद कप खेल प्रतियोगिता का मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों से तन मन स्वस्थ्य रहने के साथ हमें जीवन में अनुशासन की सीख मिलती है। खेलों से प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सांसद कप प्रतियोगिता आयोजित कराके खेल प्रतिभाओं को आगे बड़ने का अवसर दिया है। सांसद कप खेल प्रतियोगिता में फुटबाल, कबड्डी, बालीवाल, क्रिकेट, कराटे, खो खो जैसे खेलों के साथ-साथ परंपरागत ग्रामीण खेलों जैसे गेंद गिप्पी की भी प्रतियोगिताएं हो रही हैं। सांसद कप खेल प्रतियोगिताओं का भव्य समापन 25 दिसंबर को स्पोटर्स काम्पलेक्स रीवा में किया जायेगा। स्पोटर्स काम्पलेक्स में राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए फुटबाल मैदान, एथलेटिक्स तथा इंडोर खेलों की सुविधा है। यह विन्ध्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात है।

समारोह में उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। समारोह में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय,श्रीमती हेमलता सिंह, संभागीय खेल अधिकारी एम.के. धौलपुरी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा में किसान एवं सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

केन्द्रीय गृह मंत्री का सेमरिया क्षेत्र में आगमन हमारे लिए गौरव का क्षण है: उप मुख्यमंत्री

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौअभ्यरण्य में 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्राकृतिक खेती माडल के लोकार्पण तथा किसान एवं सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, नवनिर्मित भोजन शाला, गौशाला, मंदिर तथा प्राकृतिक खेती के लिए बनाये गये विभिन्न प्रकल्पों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गौअभ्यारण्य के प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित बैठक में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह 25 दिसंबर को बसामन मामा गौअभ्यारण्य का दौरा करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री किसान एवं सहकारिता सम्मेलन में निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करने के साथ विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री बसामन मामा गौअभ्यारण्य का भ्रमण कर गौवंश की सेवा के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी लेंगे। साथ ही उद्यानिकी तथा खेती के लिए गौअभ्यारण्य में विकसित किये जा रहे प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए माडल का लोकार्पण करेंगे। इस माडल में जैविक विधि से उगाये गये पौधे, जैवविविधता से जु? 60 तरह के बीज तथा 12 तरह के जैविक खाद कीटनाशकों का प्रदर्शन किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री का सेमरिया क्षेत्र में आगमन हमारे लिए गौरव का क्षण है। उप मुख्यमंत्री ने सम्मेलन की मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन की पार्किंग, साफ-सफाई तथा पेयजल व्यवस्था तथा बिजली की आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने सम्मेलन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। गौ-अभ्यारण्य प्रबंधन समिति के सचिव सेवानिवृत्त उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा ने गौअभ्यारण्य में किये जा रहे कार्यों का विवरण दिया। बैठक में जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्री के.पी. त्रिपाठी, श्री राजेश पाण्डेय अन्य जनप्रतिनिधिगण संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा तीर्थ जाकर दर्शन तथा पूजा अर्चना की।

भोपाल में अवैध शराब गोडाउन पर छापा: 907 पेटी अवैध शराब सहित कार और मोबाइल जब्त

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल की क्राइम ब्रांच ने एकतापुरी स्थित अवैध शराब गोडाउन पर छापा मारा। कार्रवाई शनिवार तड़के सुबह की गई है। दरअसल मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पहले एक्यूवी 300 कार से शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को पकड़ा था। कार की तलाशी में 19 पेटी शराब मिली थी। कार का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। पूछताछ में आरोपी ने शराब तस्करी की बात स्वीकार की। माल एकतापुरी में स्थित अवैध गोडाउन से लाने की बात स्वीकार की थी। इसी आरोपी की निशानदेही पर गोडाउन पर छापा मारा और 888 पेटी अवैध शराब को जब्त किया है। मामले में 3 आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी की जा सकी है। मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर अन्य की भूमिका की जांच की जा रही है। एडिशन डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार की रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अशोका गार्डन क्षेत्र के एकतापुरी मैदान के पास काले रंग की कार से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब एवं बीयर का परिवहन किया जा रहा है। जहां से टीम रवाना की और महिन्द्रा XUV 300 कार खड़ी दिखाई दी। कार में बैठे दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ पर उन्होंने अपने नाम राजेश मीणा पिता टीकाराम मीणा (32) निवासी रतन कॉलोनी, करोंद और रामा अहिरवार पिता प्रेमनारायण अहिरवार (25) निवासी राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद बताया। वाहन की तलाशी लेने पर पीछे की सीट एवं डिक्की में खाकी रंग की 19 पेटियों में भरी हुई अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद हुई। पेटियों की विधिवत जांच करने पर कुल 176.28 लीटर अवैध शराब पाई गई। आरोपियों से शराब के संबंध में वैध लाइसेंस अथवा परिवहन से संबंधित कोई दस्तावेज मांगे गए, जो वे प्रस्तुत

■ न्यूज गैलरी

चार राज्यों के नगरीय विकास मंत्रियों की बैठक में सीएम डॉ. यादव बोले— विरासत, नवाचार और आधुनिक शहरी विकास का संगम है मध्यप्रदेश

उज्जैन/नवप्रदेश। चार राज्यों के नगरीय विकास मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के प्राचीन अभियांत्रिकी कौशल, आधुनिक शहरी नवाचार और भविष्य की विकास योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने भोपाल की बड़ी झील के लिए बनाए गए ऐतिहासिक बांध का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हमारी समृद्ध विरासत और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो परियोजना को केंद्र सरकार से मिली स्वीकृति के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को एक वर्ष में दो मेट्रो ट्रेन परियोजनाओं की सौगात मिली है। इंदौर के बाद अब भोपाल में भी मेट्रो सेवा प्रारंभ हो रही है। डॉ. यादव ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह, जो पहले मिंटो हॉल के नाम से जाना जाता था, आज एक महत्वपूर्ण विरासत स्थल है और यहां अन्य राज्यों से आए अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने इंदौर की कान्ह नदी के दूषित जल को शिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट को एक नवाचार बताते हुए कहा कि राज्य में नदी जोड़ो अभियान के तहत प्रभावी कार्य किया गया है। साथ ही शिप्रा नदी में वर्षा जल संग्रहण की व्यवस्था की जा रही है, जिससे सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं पवित्र जल से पुण्य स्नान का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में भविष्य में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जिससे शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी और राज्य आधुनिक नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में अग्रणी रहेंगे।

श्री रविदास सेवक संघ उज्जैन की साधारण सभा आज

उज्जैन/नवप्रदेश। श्री रविदास सेवक संघ, जिला उज्जैन की साधारण सभा आज रविवार 21 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जा रही है। यह बैठक संघ के वर्तमान अध्यक्ष श्री मुकेश सूर्यवंशी (खलीफा) की अध्यक्षता में संपन्न होगी। वर्तमान अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का कार्यकाल दिसंबर माह में पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का चयन, वर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल का उल्लेख, तथा समाजजनों द्वारा अध्यक्ष श्री मुकेश सूर्यवंशी का विदाई एवं आभार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श बैठक भी रखी गई है। यह साधारण सभा प्रेम छाया परिसर, चामुंडा माता मंदिर के पीछे, उज्जैन (मध्य प्रदेश) में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी संदीप सूर्यवंशी द्वारा दी गई।

भोपाल में रेलवे ट्रैक पर मिली किराना कारोबारी की लाश

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के भानपुर रेलवे ट्रैक पर लापता किराना व्यापारी की लाश मिली है। वह दो दिन पहले घर से बिन बताए निकले थे। तलाशी के दौरान शनिवार सुबह परिजनों को बॉडी रेलवे ट्रैक पर मिली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। शव को मर्चुरी में पहुंचाया, जहां से पीएम के बाद बॉडी परिजनों के हवाले कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक मोहन सिंह लोधी (55) पुत्र बिट्टूलाल निवासी खामखेड़ा थाना छोला मंदिर किराना दुकान का संचालन करते थे। उनकी तीन बेटी और एक बेटा है। गुरुवार शाम को घर से बिन बताए निकले थे। इसके बाद से ही नहीं लौटे। काफी तलाशने के बाद भी जब नहीं मिले तो थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

तलाशी के दौरान ट्रैक पर भीड़ देखी, वहां पहुंचे तो शव मिला

मृतक के भाई लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि गुरुवार शाम को भाई बिन बताए घर से निकले इसके बाद नहीं लौटे। कई कॉल करने पर भी उन्होंने कॉल पिक नहीं किया। तब थाने में शिकायत की। शुक्रवार दिन भर तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं लगा। शनिवार सुबह फिर तलाश शुरू की तो भानपुर ब्रिज के नीचे भीड़ देखी। वहां पहुंचे तो ट्रैक के किनारे बॉडी पड़ी थी। चेक करने पर बॉडी भाई मोहन की निकली। जिसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की सभी एंगल पर जांच की जा रही है।

भोपाल में नकाबपोश बदमाश ने बाइक जलाई: अशोका गार्डन में वारदात

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल की अशोका गार्डन सुभाष कॉलोनी में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक नकाबपोश बदमाश ने पेट्रोल डालकर एक बाइक पर आग लगा दी। पास में खड़ी अन्य गाड़ियों को समय रहते हटा दिया गया, लिहाजा दूसरे वाहन आग की चपेट में नहीं आए। वारदात का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया। बाइक की बैटरी में ब्लास्ट की आवाज से मकान मालिक की नींद खुली। पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बाइक 55 वर्षीय खुमान सिंह की थी। आरोपी चेहरे पर कपड़ा लपेटे था और वारदात को अंजाम देने के बाद भाग निकला। घटना शुक्रवार 1:15 बजे की है। शनिवार सुबह पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। खुमान के मकान मालिक देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सात महीने से खुमान अपने परिवार के साथ उनके मकान में किराए से रह रहे हैं। पिपलानी इलाके में दुकान का संचालन करते और मोटर बाइंडिंग करते हैं। खुमान ने किसी पर संदेह भी जाहिर नहीं किया है।

ग्वालियर मेले पर विशेष: ग्वालियर का ऐतिहासिक व्यापार मेला : सौ वर्षों की गौरवशाली परंपरा

ग्वालियर/नवप्रदेश। ग्वालियर नगर की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक पहचान का अभिन्न अंग ग्वालियर का ऐतिहासिक व्यापार मेला आज अपने 100 वर्षों से अधिक की यात्रा पूर्ण कर चुका है। यह मेला न केवल ग्वालियर अंचल, बल्कि संपूर्ण देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। ग्वालियर व्यापार मेले का प्रारंभ एक पशु मेले के रूप में हुआ था। उस समय यह मेला ग्रामीण अंचलों के कृषकों एवं पशुपालकों के लिए पशुधन के क्रयङ्कविक्रय का प्रमुख केंद्र था। कालांतर में इसमें घरेलू उपयोग की वस्तुएँ, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों का समावेश हुआ, जिससे इसका स्वरूप विस्तृत होता गया।

समय के साथ ग्वालियर व्यापार मेले ने निरंतर विकास किया। स्वतंत्रता के पश्चात यह मेला व्यापार, उद्योग एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण मंच बन गया। वर्तमान में इस मेले में देश की प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक इकाइयाँ, ऑटोमोबाइल कंपनियाँ, लघु एवं कुटीर उद्योग तथा हस्तशिल्प कलाकार भागीदारी करते हैं। ग्वालियर व्यापार मेला केवल स्थानीय या प्रादेशिक आयोजन न होकर राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित मेला बन चुका है। देश के विभिन्न राज्यों से व्यापारी, उद्यमी एवं नागरिक बड़ी संख्या में इसमें सहभागिता करते हैं। यह मेला जनङ्कसामान्य से सीधे जुड़कर शासन की औद्योगिक एवं व्यापार प्रोत्साहन नीतियों को साकार करने का माध्यम भी बनता है। व्यापार के साथङ्कसाथ ग्वालियर व्यापार मेला सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी है। मेले के दौरान लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मनोरंजन के साधन तथा विविध व्यंजनों की उपलब्धता से यह सभी वर्गों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। मेले के आयोजन में सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है।

शासकीय विभागों के समन्वय से मेला सुव्यवस्थित एवं जनोपयोगी स्वरूप में आयोजित किया जाता है। ग्वालियर व्यापार मेला स्थानीय कारीगरों, छोटे व्यापारियों एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करता है। साथ ही यह क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पशु मेले के रूप में प्रारंभ होकर सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा तय कर चुका ग्वालियर का ऐतिहासिक व्यापार मेला आज परंपरा और आधुनिकता का सफल समन्वय प्रस्तुत करता है। यह मेला भविष्य में भी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम बना रहेगा। वर्ष 2025-26 में ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसम्बर से विधिवत प्रारंभ हो जायेगा। मेले में देश भर के विभिन्न राज्यों से दुकानदारों ने मेले में आकर अपनी-अपनी दुकानों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। लोगों के लिये जन आकर्षण का केन्द्र रहने वाले विभिन्न प्रकार के झूलों ने भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। इसके साथ ही विभिन्न व्यंजनों के लिये प्रसिद्ध हरिद्वार रेस्टोरेंट के साथ-साथ अनेक प्रतिष्ठानों ने मेले में अपनी दुकानों को तैयार कर लोगों को आकर्षित करने का कार्य शुरू कर दिया है। ग्वालियर के सर्द मौसम में भी ग्वालियर अंचल के लोग मेले का लुत्फ उठाने से नहीं चूकते हैं।

कलेक्टर-एसपी ने मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

बैतूल/नवप्रदेश। 23 दिसंबर को पुलिस ग्राउंड में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शनिवार को कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन ने कार्यक्रम की समग्र व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर और प्रोटोकॉल के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सबसे पहले न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड कोठी बाजार में बन रहे हेलीपैड का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने वीआईपी आवागमन, सुरक्षा, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर एसपी ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउंड पहुंचे, जहां मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टॉलों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन करने, आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा तय समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हिरदेश्वर महादेव मंदिर में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

उज्जैन/नवप्रदेश। लायन्स क्लब उज्जैन महाकाल, युवा मंच संत्सग समिति, अमृत हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मोतियाबिंद के रोगियों का ऑपरेशन अमृत हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के सहयोग से निःशुल्क होगा।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि संयोजक गोपाल बागरवाल, मंच अध्यक्ष मनोहर परमार के संयोजन में आज 21 दिसंबर रविवार को प्रातः 10.30 से दोपहर 1 बजे तक हिरदेश्वर महादेव मंदिर, जीरो पाईट ब्रिज के पास आयोजित किया जाएगा। शिविर में आँखों से कम दिखाई देना, लाल रहना, जलन, मोतियाबिंद, कांचबिंद नासूर, पानी बहना आदि की निःशुल्क जाँच एवं परामर्श दिया जाएगा। साथ ही आँखों से संबंधित रोगियों को आवश्यकतानुसार दवाईयां निःशुल्क प्रदान की जावेगी। दंत परीक्षण एवं बी. पी., शुगर की निःशुल्क जॉच मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनु सागर मारोठिया, वी.एस.जी. क्लीनिक सेंटर के सहयोग से बी.पी. एवं शुगर की जाँच निः शुल्क रहेगी। ऑपरेशन हेतु चयनित मरिजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। लायन्स क्लब उज्जैन महाकाल के ला. आर.एस. गिल, ला. रवि भण्डारी ला. चन्द्र गुप्ता, ला. प्रदीप सिंह, ला. गुरदीप सैनी, ला. पंकज नीमा, ला. मुकेश दिसावल, ला. सुधीर गुप्ता, ला. आर.पी सिंह, ला. दीपेन्द्र नामदेव, ला. पवन त्रिपाठी, ला. विजय तिवारी, युवा मंच सत्संग समिति से महेश सोनाने उपाध्यक्ष, विजय तिवारी सचिव, पारस जैन सहसचिव, पं. संतोष शर्मा कोषाध्यक्ष, शिवनारायण जागीरदार, ओम अरोरा लीलाधर आडतिया, ओम हरोड, वीरेन्द्र परमार, महिला युवामंच सत्संग समिति गीता रामी संयोजक, पिंकी यादव-अध्यक्ष, सपना आदि ने शहरवासियों से शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने का अनुरोध किया है। अजीत मंगलम ने बताया कि हर माह महीने के आखिरी रविवार को हिरदेश्वर महादेव मंदिर में कैंप आयोजित होगा। हर माह यह सारी सुविधाओं के साथ शहर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर अपनी सेवाएं निःशुल्क देंगे।

धान के फर्जी पंजीयन पर कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित 4 के विरूद्ध कुठला थाना में एफआईआर दर्ज

कलेक्टर तिवारी के निर्देश पर दर्ज हुई एफआईआर

कटनी/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान रीठी तहसील में धान खरीदी पंजीयन में धोखाधड़ी के मामले में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित 4 व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस थाना कुठला में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रियंका सोनी की शिकायत पर कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी, संपत अग्रवाल, रंजना अग्रवाल एवं मीराबाई पति विनोद कुमार के विरूद्ध कूटरचना करते हुये धान का फर्जी पंजीयन कराने के मामले में कुठला पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। बीते 4 नवंबर को हुई जनसुनवाई में धान खरीदी पंजीयन में भारी गड़बड़ी संबंधी शिकायत कलेक्टर श्री आशीष तिवारी को प्राप्त हुई। कलेक्टर के निर्देश पर प्राप्त शिकायत की जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं नायब तहसीलदार बिलहरी के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। मामले की जांच में पाया गया कि मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन क्रमांक 226424000047 दर्ज है। जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है। दिलचस्प पहलू यह है कि पंजीयन में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के अलावा रीठी तहसील के अन्य व्यक्तियों के खसरे पंजीयन में बिना उनकी सहमति से जुड़वाये गयें थे। पंजीयन क्रमांक 226424000047 में जोड़े गये खसरों के भूमि-स्वामियों की जांच एम.पी. भू-अभिलेख के पोर्टल पर की गई। जिसमें पंजीयन में दर्ज कोई भी खसरा आवेदन में उल्लेखित किसान मीराबाई पत्नि विनोद कुमार ग्राम थनौरा के नाम का होना नहीं पाया गया। पंजीयन में दर्ज किसान द्वारा अन्य भूमि-स्वामियों के नाम की भूमि स्वयं के नाम पर पंजीकृत कराई गई, जिसके संबंध में पंजीयनकर्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज व अनुबंध जांच समय उपलब्ध नहीं कराए गए। पंजीयन क्रमांक 226424000047 का ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 की जानकारी निकालने पर पाया गया कि पूर्व वर्ष में भी मीराबाई पत्नि विनोद कुमार के नाम से पंजीयन होना पाया गया एवं दर्ज बैंक खाता क्रमांक 157001999804 समान है। पिछले साल मीराबाई के पंजीयन क्रमांक 226424000047 में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था। जिसके लिये बैंक खाता नंबर 157001999804 में 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान भी हो चुका है। इस बैंक खाते से सम्पत अग्रवाल की पत्नी रंजना अग्रवाल के बैंक खाता नंबर 157001971301 में 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित किये गये। इसके साथ ही 3, 4 एवं 6 जनवरी 2025 को तीनों दिवसों में 2-2 लाख रूपये का नगद आहरण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रीठी से किया गया। यह स्पष्ट होने पर कि कृषक मीरा बाई पत्नि विनोद कुमार, रंजना अग्रवाल, सम्पत अग्रवाल निवासी ग्राम तिलगवां तहसील रीठी जिला कटनी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी के द्वारा विगत वर्ष में शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाते हुये इस वर्ष भी पुनः उसी कृत्य को दोहराने की मंशा से कूटरचना करते हुये फर्जी पंजीयन कराया गया, जो कि शासन द्वारा जारी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की पंजीयन नीति में उल्लेखित प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन होकर दण्डनीय है। संबंधितो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4), 340(1), 340(2), तथा 336(3) के तहत मामला कुठला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

मंडला/नवप्रदेश। शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में एनएसएस एवं ओजस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की भूमिका से अवगत कराना तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना रहा। पंजीयन अभियान के अंतर्गत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन में पात्र छात्र-छात्राओं से मतदाता फॉर्म भरवाए गए, जिससे उनका नाम आगामी निर्वाचनों के लिए मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारा महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भव्य रंगोली का निर्माण किया। रंगोली में उकेरे गए आकर्षक रंगों एवं प्रेरणादायक स्लोगनों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों से अनिवार्य रूप से मतदान करने की भावुक अपील की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं सुनिश्चित मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान करियर काउंसलर श्री अखिलेश उपाध्याय, एनएसएस प्रभारी श्री प्रवीण अग्रवाल, ओजस क्लब से श्री राम ज्योतिषी, श्री कन्हैया बरमैया, श्री देवेंद्र कछवाहा, प्राचार्य क्रमांक-2 श्री जाटव, आर.के. हरदहा, श्री मुकेश चौरसिया, श्री नाथू सिंह घोसी, श्री शिवम मिश्रा, श्री वंदना श्रीवास्तव, श्रीमती कीर्ति शुक्ला, श्रीमती शालिनी साहू, श्रीमती रंजना पांडे एवं श्रीमती मोनिका सिंगोर उपस्थित रहे।

खेल चेतना मेले के शुभारंभ अवसर पर 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बच्चों को शपथ दिलाई

बालिकाएं सभी क्षेत्रों में एक्सपर्ट होकर आत्मनिर्भर बने - सुश्री भूरिया महिलाओं

बालिकाओं एवं शिशुओं की देखरेख आधारित संस्थानों में पहुंचकर मंत्री सुश्री भूरिया ने व्यवस्थाएं देखीं

भोपाल/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री मध्य प्रदेश शासन सुश्री निर्मला भूरिया आज रतलाम जिले के भ्रमण पर रही। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में आज रतलाम जिले में खेल चेतना मेला का शुभारंभ किया गया एवं 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बच्चों को शपथ दिलवाई गई एवं हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा सहित जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बालक, बालिकाएं, महिलाएं उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान मंत्री सुश्री भूरिया ने महिलाओं, बालिकाओं एवं शिशुओं की देखभाल से संबंधित संस्थाओं का निरीक्षण किया । रतलाम वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान अंतर्वासिनी महिलाओं से भेंट की एवं मंत्री सुश्री भूरिया ने निर्देश दिए कि वन स्टॉप सेंटर पर आने वाली प्रत्येक महिला की विशेष रूप से काउंसलिंग करने पर ज़ोर दिया ताकि महिलाएं बिना झिझक के अपनी समस्या बताएं एवं उनका निराकरण किया जा सके, साथ ही महिलाओं के अस्थाई आश्रय के साथ स्थाई आश्रय हेतु जिले मे सुधार गृह खोलने के संबंध में भी सहमति व्यक्ति की गई। इसके पश्चात सेवा भारती संस्था द्वारा संचालित शिशु गृह का भी निरीक्षण मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा किया गया एवं बच्चों से भेंट की गई तथा सेवा भारती के सदस्यों से भी चर्चा की गई एवं संस्था में बेहतर कार्य किए जाने पर संस्था की प्रशंसा भी की। इसके पश्चात निवेदिता बालिका गृह शक्ति नगर रतलाम का भी निरीक्षण मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा किया गया एवं वहां निवासरत बालिकाओं से भी चर्चा की गई । संस्था अधीक्षक को निर्देशित किया की बालिकाओं को इनडोर एक्टिविटी के साथ-साथ आउटडोर एक्टिविटी भी करवाई जाए जिससे कि बालिकाओं का सर्वांगीण विकास हो सके एवं 18 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें आफ्टर केयर से जोड़ने हेतु भी निर्देशित किया ताकि संस्था से निकलने वाली प्रत्येक बालिका को रोजगार अथवा स्वरोजगार से जोड़ा जा सके एवं उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। भ्रमण के दौरान मंत्री सुश्री भूरिया के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राम निवास बुधौलिया, सहायक संचालक श्री रविंद्र मिश्रा एवं भारती डांगी तथा

तेजस्विनी महिला संघों को मिला नया संबल आंगनवाड़ी केंद्रों में पुनः मिलेगा मिलेट्स आधारित नाश्ता

डिण्डोरी/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में तेजस्विनी महिला संघों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला संघों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार के रूप में वितरित किए जा रहे मिलेट्स आधारित कुकीज एवं नमकीन के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017-18 से तेजस्विनी महिला संघों द्वारा जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में मिलेट्स आधारित कुकीज, नमकीन एवं सेव-मुरमुरा का वितरण सुबह के नाश्ते के रूप में किया जा रहा था, जिसे अप्रैल 2025 में बंद कर दिया गया था। महिला संघों के अनुरोध पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिला स्तरीय समिति का गठन कर प्रस्ताव पर विचार किया। समिति की अनुशंसा पर कलेक्टर ने पुनः

मैरी क्रिसमसः खुशियों और सद्भावना का संगम

प्रस्तावना क्रिसमस दुनिया के सबसे लोकप्रिय और रंगीन त्योहारों में से एक है। हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह पर्व प्रभु ईसा मसीह (जीसस क्राइस्ट) के जन्म की याद में मनाया जाता है। 'मैरी क्रिसमस' शब्द का उच्चारण करते ही मन में खुशी, उपहारों और ठंडी रातों में जगमगाते पेड़ों की तस्वीर उभर आती है। यह त्योहार केवल ईसाइयों के लिए ही नहीं, बल्कि अब हर धर्म के लोगों के लिए खुशियां बांटने का जरिया बन गया है। इतिहास और धार्मिक महत्व ईसाई मान्यताओं के अनुसार, आज से लगभग दो हजार वर्ष पूर्व बेथलहम में ईसा मसीह का जन्म हुआ था। उन्हें 'शांति का राजकुमार' कहा जाता है, जिन्होंने संसार को प्रेम, करुणा और क्षमा का मार्ग दिखाया। बाइबिल के अनुसार, उनके जन्म के समय स्वर्गदूतों ने चरवाहों को खुशखबरी दी थी और एक तारे ने विद्वानों को उनके स्थान तक पहुँचाया था। इसी महान घटना की याद में लोग एक-दूसरे को 'मैरी क्रिसमस' कहकर बधाई देते हैं, जिसका अर्थ है-आपका क्रिसमस आनंदमयी हो।

क्रिसमस विशेषः खुशियों का असली पता

एक छोटे से शहर में आरव नाम का एक लड़का रहता था। क्रिसमस आने वाला था और आरव बहुत उत्साहित था। उसने सांता क्लॉज को एक लंबी चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उसने एक रिमोट वाली कार और नई साइकिल मांगी थी। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर, जब आरव अपने पापा के साथ बाजार से लौट रहा था, तो उसने देखा कि कड़ाके की ठंड में एक छोटा बच्चा फुटपाथ पर फटे हुए कपड़े पहने ठिठुर रहा था। उस बच्चे के पास न तो जूते थे और न ही पहनने को गर्म जैकेट। आरव को बहुत बुरा लगा। घर आकर उसने अपनी सांता वाली चिट्ठी फाड़ दी। उसकी माँ ने पूछा, आरव, तुमने चिट्ठी क्यों फाड़ दी? क्या तुम्हें अब सांता से उपहार नहीं चाहिए? आरव ने कहा, माँ, मुझे खिलौने नहीं चाहिए। क्या हम सांता के आने का इंतज़ार करने के बजाय खुद किसी के लिए सांता बन सकते हैं?

अगले दिन क्रिसमस की सुबह, आरव ने अपने गुल्लक के सारे पैसे निकाले। उसने अपने माता-पिता के साथ मिलकर उस गरीब बच्चे के लिए एक नई जैकेट, जूते और ढेर सारा केक खरीदा। जब आरव ने उस बच्चे को ये चीजें दीं, तो उस बच्चे की आँखों में जो चमक और चेहरे पर जो मुस्कान थी, उसे देखकर आरव का दिल खुशी से भर गया।

आरव को समझ आ गया था कि क्रिसमस का असली उपहार बाज़ार से मिलने वाले खिलौनों में नहीं, बल्कि दूसरों की मदद करने और खुशियाँ बाँटने में है। उस साल आरव ने अपनी ज़िंदगी का सबसे 'मैरी क्रिसमस' मनाया।

- शाहिन क़ुरैशी

क्रिसमस - प्रेम,शांति और आशा का महापर्व

उमा मेहता त्रिवेदी

क्रिसमस केवल एक धार्मिक त्यौहार नहीं है, बल्कि यह मानवीय मूल्यों और भावनाओं का एक जीवंत उत्सव है। हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह पर्व हमें प्रभु ईसा मसीह के जन्म की याद दिलाता है, जिन्होंने दुनिया को करुणा और क्षमा का मार्ग दिखाया। लेकिन इसके धार्मिक महत्व से परे, क्रिसमस का संदेश सार्वभौमिक है, जो हर धर्म और समुदाय के व्यक्ति को प्रेरित करता है। यह पर्व ?निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है जिसका मुख्य संदेश 'प्रेम' है। ईसा मसीह ने सिखाया कि ईश्वर से प्रेम करने का सच्चा तरीका उसके बच्चों यानी साथी मनुष्यों से प्रेम करना है। यह त्यौहार हमें याद दिलाता है कि हम अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों की मदद करें। 'सीक्रेट सांता' बनना या गरीबों को उपहार देना इसी भावना का प्रतीक है कि देने में जो खुशी है, वह लेने में नहीं है।

?आज की भागदौड़ भरी और तनावपूर्ण दुनिया में क्रिसमस 'शांति' का दूत बनकर आता है। धरती पर शांति और मनुष्यों में सद्भाव क्रिसमस का मूल मंत्र है। यह समय है पुरानी कड़वाहटों को भुलाकर शत्रुओं को क्षमा करने का और टूटे हुए रिश्तों को फिर से जोड़ने का। यह पर्व हमें सिखाता है कि विनम्रता ही वह शक्ति है जो घृणा को परास्त कर सकती है। सर्दियों की लंबी रातों के बीच मनाया जाने वाला यह त्यौहार 'आशा' का प्रतीक है। जिस तरह चमकता हुआ सितारा चरवाहों को मसीह तक ले गया था, उसी तरह क्रिसमस हमें अंधेरे में भी प्रकाश की ओर देखने की प्रेरणा देता है। यह हमें विश्वास दिलाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, अच्छाई और सत्य की जीत निश्चित है क्रिसमस हमें एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है। इसका असली आनंद केवल केक काटने या रोशनी करने में नहीं है, बल्कि किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने और अपने दिल में दया का दीपक जलाने में है। आइए, इस क्रिसमस हम अपने भीतर के 'सांता' को जगाएं और दुनिया को थोड़ा और खूबसूरत बनाएं।

सुनो भाई उधो 'बो दे गहूं निकल जा कहूं

परमानंद वर्मा

-'सबखई, भउजी, किरही, रांड़ी, चरकट्टी, नकटी, हड़िया मं उसन के कनवजी मं रांधव, तोर नांव बुता जतिस रे छिनार कहां के नइतो, मोरे दउवा, बेटा मिलिस तोला बिगाड़े बर? कतेक रकराथय हस तब जाना कहूं 'दारओली खोल ले बने। कतेक खखाय हस तेन सब साध पूरा हो जही? सतियानास होवय रे कहां के कलकिनी नइतो? - दुकलहीन कोन जनी काकर ऊपर आज बड़े बिहनिया ले अतेक बिफियाय हे, कोन कुकुर चाब दे हे ते घर भीतर अपने-अपन बखानत अउ आनी-बानी के गारी बखी बने असन देवत रिहिसे। खोरबाहरा अतके बेर चौंगी के धुंआ छोड़त ओकर दुआरी मेर पहुंचगे तब देखथे दुकलहीन बड़ी भुतही असन पूंदी ला छरियाय, लुगरा पहिने हे तेनो हा जटर-बटर, पोलखा के बटन आधा खुले, तेकर सेती छाती-मुड़ी घला आधा खुल्ला, आधा तोपाय रहय। आधा डर आधा बल करत खोरबाहरा सोचथे- का होगे भगवान भउजी ला, कइसे काकर ऊपर नागिन बने असन जहर उछरत हे? जरूर कुछु न कुछु बात हे तभे अतेक भंभरे कस आगी लगे हे एकर तन-बदन म, नहिते अइसन तो नइहे येहर?

सोचथे- पूछौं ते नइ पूछौं, घर भीतर जांव ते नइ जांव, सिटकिनी ला खटखटावौं ते नहीं? कहूं हट करावथौं तब बइहाय मन तो आय, मुंबी ला कहूं उलटा-सुलटा सुना दिही, भसेड़ दिही तब का रहि जाही? खोरबहरा विचारथे- 'नहिं, अतेक दुखाय हे भउजी ह तब संकट मोचन हनुमान कस मदद जरूर करना चाही, 'बुड़त ला तिनका के सहारा केहे हे सियान मन तउनो कोनो गलत नोहे? जरूर जाना चाही, पूछना चाही। चौंगी ला दुआरी मेर रमजंग के फेंक देथे खोरबाहरा अउ हूट करावथे। भइया रामरतन हवस गा? - 'कोन रोगहा रामपाल हस रे, आ रे गइहौना मोर बेटा ला बिलहोर के लेगथस अउ ओ रांड़ी घर ले जाके का नगाझ बजावथ, नौटंकी करथो?

- 'अरे रामलाल नो हौं भउजी, मंय खोरबाहरा हौं, ओ दुरुग मं किसान मेला होवइया हे तिहां जाय बर हे के नहीं तेकर दरियाप करे ले आय हौं। - 'अई हाय, खोरबाहरा हस गा, आव बाबू आव, मोरो मति कइसे छरियागे मं तोर भाखा ला ओरख नइ पायेंव, माफी देबे बाबू। - एमा माफी दे हे का बात हे भउजी, होथे कभु कोनो बात मं भुलाय रहिबे या कभू अइसे कोनो कहीं उलटा-सुलटा, ऊपर-नीचे बात होथे तब चेत हेरा जथे, आनी करत-करत कानी हो जथे कहिथे, वइसने कस बात हो जथे। - 'हां तब का 'किसान मेला काहत हस तब कहां, कब जाना हे, मोला तो कुछू नइ बताय हे तोर भइया ह? - ओ दुरुग मं होवइया हे सबो जिला के जतका बड़े-बड़े किसान हे, सरपंच, पटेल हे सब ला नेवता भेजे हे सरकार हा। दिल्ली ले कृषि मंत्री अउ बड़े-बड़े अधिकारी मन अवइया हे। देखत हस खोरबाहरा तोर भइया के चाल ला, अइसने करथे बाबू एहर। कोनो काम-बुता मं चेत नइ करय। ओहर न- गांव मं एकझन दरहा मवाबैर हे, बस ओकरे संगत मं बिगड़त हे। - कइसे सुधरही। रस्दा मं लानो मोर कांही समझ नइ परत हे।

खोरबाहरा कहिथे- 'नइहे भउजी, हमर भइया वइसन, फिजूल के बढ़ी लगावत हस। - जानथौं सब एके थारी के चट्टा-बट्टा हौ, तुंहर मरद मन के चाल जउने जानही, तउने मन जानही, समझे? - 'गहूं संग मं कीरा असन मोला काबर मिंझारत हस भउजी? - 'कोनो दूध के धोये नइ हस तहूं हा खोरबाहरा, नइ जानत होहीं तउन ला बताबे, तोर चाल कइसने हे तउन ला। ओ छिनारीन,चरकट्टी, भउजी रामबाई संग खेत मं कइसे पकड़ाय रहे, पंचायत मं दाड़-बोड़ी होय रिहिसे तउन दिन भुलागेस। - 'अरे छोड़ न भउजी, गड़े मुरदा ला काबर उखानत हस, ओ बात गलपत हे। - हां कइसे सही बात बकरेव तब जरे असन लागत हे। मिरची लगिही ना? खोरबाहरा सोचथे- 'का बात, बुता बर आय रेहेंव अउ उटका पुरान मं फसगेंव। दुकलहीन भउजी कहिथे- तोर भइया के बात ला छोड़ खोरबाहरा, ओला न घर के चिंता न खेत-खार के। धान बेच के आय रिहिसे। पइसा पाके मातगे? कहां अपन भांटों संग तिरिथ जाय बर निकलगे हे। दू अक्कड़ मं गहूं बोय रिहिसे तेला हिंछा ठेठवार चरा दे हे। सतियानास होगे हे बेटा रामरतन तेला कांही के चिंता फिकर नइहे। ओ राड़ी सबितरी हा अपन वश मं कर ले हे। मोकागे हे। ओकरे घर मं रात-दिन घुसे रहिथे। काला बतावौं बाबू, मंय डउकी परानी कति-कति ला देखवं।

भारी मुसीबत मं फंसे हस भउजी? 'काला बतावौं भइया, खाथौं त अंग नइ लागत हे। रोथौं तब रोवासी नइ आवय। सुतथौं तब नींद नइ आवय, रात भर छपटावत रहिथौं। अइसन भला कोन होही 'बो दे गहूं अउ निकल जा कहूं। मोरे गोसइया हे गांव मं सबले हटके। काकर संग धरा दिस विधाता ह मोला, ये जिंदगी ह नरक बनगे हे। धीर धर भउजी, देर हे अंधेर नइ हे। आज दूख झेलत हस तब सुख के सुरुज नरायन घला उगही एक दिन। - रामनाथ अतके बेर आथे अउ खखारत कहिथे। मालिक हावस गा? या खोरबाहरा कका, तयं कइसे ..? तब ओहर कहिथे- अरे उही ला पूछत-खोजत महूं हा आय हौं। तब भउजी बताथे- तिरिथ बरत गे हे। कोटवार कहिथे- यहा खेती-बारी के दिन मं तिरथ-बरत? मंय तो सुने हौं ओकर जम्मो गहूं के चरी होगे हे। - ओ तो होबे करही, बिन गोसइया के घर के बिन गोसइन, बिन मालिक के घर अउ बिन रखवार के खेती-खार के दुरगति होबे करथे। भगवान मालिक हे,अइसन मन के। खोरबाहरा के बात सुन के कोटवार कहिथे- वाजिब बात हे गा।

व्यंग्य रचना : चमचा बनने की कला

डॉ. किशोर अग्रवाल

यदि किसी पात्र में कुछ माल भरा हो तो उसके पास उसका चमचा भी होता है। सालन निकालने का चमचा ,रबड़ी निकालने का चमचा ,आइसक्रीम निकालने का विशेष चमचा । चमचा कुछ निकालता है और दूसरे पात्र में देता है तो कुछ माल खुद में चिपका लेता है । नेता के पास सत्ता का पावर है ,अफसर के पास अफसरी है और बाबाओं के पास होती है बाजीगरी । तो इनके भी चमचे होते हैं । जिस तरह पुष्प अपनी खूबसूरत पंखुड़ियां से शोभायमान होते हैं वैसे ही नेता अपने चमचों से ,अफसर अपने चाटुकारों से और बाबा लोग अपने चेले चांटों से शोभा पाते हैं। जिनके पास ऐसे चमचे नहीं उनके नेता अफसर और बाबा होने से क्या फायदा ? यही तो हैं जो दिग्दिगंत में उनकी ख्याति का वर्णन शेषनाग की तरह हजार में मुखों करते हैं।

किसी का चमचा हो जाना सुनने में हास्यास्पद लग सकता है पर चमचा बनना आसान तो नहीं है ,इसके लिए पकड़ बनाने पड़ती है । कोई यूं ही तो घास नहीं डालता । आपको कोई अपने नजदीक ही नहीं फटकने देगा , परंतु चमचा जहां देखो वहां और जब देखो तब बेरोक-टोक आता जाता है । जो अटका हुआ काम कोई नहीं करा पाता उसे चमचे आसानी से करा लेते हैं । चमचा सदैव अपने आराध्य की मलाई के भगोने में सुकून से पड़ा रहता है । सत्ताधारी केवल सत्ता संभालता है वह कोई काम नहीं करता । चमचा भी कोई काम नहीं करता , वह बस जी हुजूरी और चाटुकारी करता है ।

भला काम ही करना होता तो चमचा ही क्यों बनता । वह खुशामद से आमद है इसके लिए किसी विश्वविद्यालयीन डिग्री की जरूरत नहीं है बस इसके लिये पहला काम है परजीवी बनने के लिए आधार खोजना । अगर आपका अपने वाला कोई हो तो सरलता रहती है पर यदि नहीं है तो इलाके में जिसकी चलती है उसे ही टॉरगेट करना पड़ता है। उसके समर्थन में अखबारों में विज्ञापन देकर ,पोस्टर लगाकर, उसके कुत्ते तक को जन्मदिन की बधाई देकर , या उसके बवासीर होने पर फूटफूट कर रोने की कला अपने में लानी पड़ती है । लगातार उसकी निगाहों में बने रहना, उसकी बैठक में हाजिरी देना उसके दिगर चमचों से पींगें बढ़ाना ताकि आपकी उपस्थिति उन्हें भी स्वीकार्य हो और आपकी अहानिकारक उपस्थिति उन्हें मान्य हो जाए ऐसा प्रयत्न करना पड़ता है। तत्काल अपने किसी लाभ का अभिप्राय जाहिर न करें मन में यही अभिप्राय लेकर ही तो चमचा बनना है पर यह जाहिर न करें ।

अपने चुने हुए नेता ,अफसर या बाबा का पूरा बायोडाटा कंठस्थ करें । उसकी पसंद नापसंद का पूरा विवरण मालूम करें। उसके चड्डी जूते मौजे तक का नाप तक आपको याद हो । उसकी प्रशंसा करने में आप गंधर्व बन जाए । उसके छोटे-मोटे काम संभालने लगें ,मसलन उसके पालतू कुत्ते को वेटरनरी डॉक्टर को दिखाने का काम, मिलने जुलने वालों के लिए चाय पानी का इंतजाम आदि । झोला लेकर सब्जी ला दें , कभी उनके बच्चों के लिए घोड़ा बन जाए, उन्हें सिनेमा दिखा दे मतलब यह कि अपने आराध्य को अपनी आदत धीरे-धीरे डलवाते जाना चाहिए।

अगर आपमें स्वाभिमान है तो यह आपको निकाल देना पड़ेगा। क्योंकि चमचागिरी की विशाल रणभूमि में सबसे अधिक नुकसानदेह यह स्वाभिमान ही है । कमबख्त यही ऐसी चीज है जो हजारों योग्य व्यक्तियों को चाटुकार व चमचा नहीं बनने देती। इसके लिए कमर ,हाथ व नाक के कुछ आसान से आसन व प्राणायाम हैं। कमर को मोड़ना जरूर सीखना चाहिए और गर्दन से अकड़ खाली करना आना चाहिए । इसके लिए घर पर भी अभ्यास कर सकते हैं। सीधे खड़े होकर दीर्घ निःश्वास छोड़े और कमर को ढीला छोड़ दें, गर्दन की मांसपेशियों को ढीला छोड़ें ,गर्दन को दाएं बाएं लुढ़काएं और वैसे ही पड़ा रहने दे सीधा ना करें। दोनों हाथों को कंधे की सीध में सामने ले आए व कमर से नीचे चिमटे की तरह मुड़ जाएं। शरीर का वजन कोहनियों पर लेते हुए सामने हाथ जोड़ें और नाक पहले से सामने रखे जूतों पर लगाएं । धीरे-धीरे सांस लें और बीस की गिनती तक इस अवस्था में रहें यह दस बार करें । सूर्य नमस्कार की तरह इस व्यायाम का फायदा तय है । शुरू में यह हिचकिचाहट उत्पन्न करेगा पर थोड़े अभ्यास से आपके भीतर के स्वाभिमान का सत्यानाश हो ही जाएगा । यह चमचागिरी के लिए आदर्श स्थिति होती है ।

गर्दन के अभ्यास के लिए सांस छोड़ते हुए ठोड़ी सीने से लगाएं फिर उसी अवस्था में बने रहें बीस तक गिनें फिर ठोड़ी को हल्का ऊपर उठा लें। ध्यान रहे सिर पूरा सीधा नहीं करना है ,झुका हुआ सिर ही सच्चे और अच्छे चमचे की पहचान होता है ।

कानों को भी एक अभ्यास दें। जिसमें आप सिर्फ अपने नेता की अच्छाइयों का ही श्रवण करें , बुराइयों को सुनने व कहने को रोकने के नियंत्रण का निरंतर अभ्यास करें तथा जैसे गुंडो के शोहदे करते हैं अपने बॉस की मालिश करने से लेकर उसके लिये जान देने तक की तत्परता दिखाएं । अफसर के चमचों को अफसर के निजी कुटैवों पर ध्यान देना या उसके बाबत कुछ सुनकर कभी हंसी नहीं करनी है , यह आत्मघाती हो सकता है । बाबा जी , पहुंचे हुए फकीरों और कथावाचकों के चमचे उनकी चयनित सुंदरियों से मातृभगिनीवत् दृष्टि रखकर ही बात करें । बात करते समय उनकी पादुकाओं पर ही नजर रखने से उनके आराध्य कभी कुपित नहीं होते । इस विधि से धैर्य पूर्वक साधना करने पर कुछ ही समय में बड़े लाभकारी व यथेष्ठ परिणाम सामने आने लगते हैं और साधक एक उपयोगी चमचे का स्थान पाने में सफल हो जाता है ।

थार को थामे खड़ी अरावली के अस्तित्व पर संकट

दरअसल, हाल ही में देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए अरावली की पहाड़ी और अरावली पर्वतमाला की नई परिभाषा जारी की है. इसके साथ ही विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले इसके क्षेत्रों में नए खनन पट्टे देने पर रोक लगा दी है. साथ ही माइनिंग के लिए प्लान बनाने के लिए सरकार से कहा है।

अरावली... धरती की वो पहाड़ियां, जो करीब 2.5 अरब साल से भारत के बड़े हिस्से को रेगिस्तान से तपने से बचा रही हैं. जब थार की गर्म हवाएं भारत की छाती से टकराती हैं तब अरावली ही थार को थामे खड़ी रहती है. राजस्थान में ये पानी की आखिरी उम्मीद है, हवा की आखिरी ढाल है और जीवन की पहली शर्त. जहां से नदियां जन्म लेती हैं, जहां बादल थमता है. रेत के समंदर में एक विरासत को अपने में खामोशी से समेटने वाली अरावली की परिभाषा बदल गई है और दुनिया की सबसे पुरानी पर्वतमाला का अस्तित्व अब संकट में है. समझते हैं कि आखिर ऐसा क्यों कहा जा रहा है कि अरावली संकट में है...

पहले जानते हैं कि आखिर नई परिभाषा की बात कहां से आई... साल 1995 में तमिलनाडु के एक जमींदार ञ्जहृ गोदावर्मन और भारत संघ का केस काफी चर्चा में आया था. इसमें गोदावर्मन ने कहा था कि नीलगिरी के इलाके में मौजूद जंगल में बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई होती है. इस पर कोर्ट ने 1996 में फैसला दिया कि कौन सी जमीन जंगल की है और कौन सी नहीं, यह पैमाना सरकार के नोटिफिकेशन से तय नहीं होगा लेकिन इस केस में अंतरिम अपील के आधार पर देश के दूसरे वन क्षेत्रों पर अपने फैसले देने जारी रखे. इसके बाद कोर्ट की ओर से एक कमेटी बनाकर अरावली की परिभाषा बनाने के लिए कहा गया. मई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने ये काम मल्टी एजेंसी कमेटी को सौंप दिया. इसी कमेटी ने अब अरावली की ये नई परिभाषा दी है। बता दें कि एफएसआई 2010 से अरावली पहाड़ियों को परिभाषित करने के लिए 3 डिग्री ढलान के मानक का उपयोग कर रहा था. इसी उद्देश्य से 2024 में बनाई गई एक तकनीकी समिति ने इस मानक में बदलाव किया और सुझाव दिया कि जिस भौगोलिक संरचना में कम से कम 4.57 डिग्री की ढलान हो और ऊंचाई कम से कम 30 मीटर हो, उसे अरावली पहाड़ी माना जाना चाहिए. इन मानकों से लगभग 40त्न अरावली क्षेत्र को कवर किया जा सकता था. लेकिन अब मंत्रालय ने नई परिभाषा दी है, जिसमें 100 मीटर की बात कही है.

कोर्ट के आदेश के अनुसार, अरावली जिलों में उस भूभाग को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा, जिसकी ऊंचाई भूभाग से 100 मीटर या उससे अधिक हो. ऐसी सबसे निचली रेखा (चाहे वास्तविक हो या काल्पनिक रूप से विस्तारित) द्वारा घिरे क्षेत्र के भीतर स्थित वो जमीन, जिसमें पहाड़ी, उसके सहायक ढलान और संबंधित भू-आकृतियां, चाहे उनका ढलान कुछ भी हो, अरावली पहाड़ियों का हिस्सा मानी जाएंगी.

इसके अलावा उस जगह को अरावली पर्वतमाला माला माना जाएगा, जहां पहाड़ियां एक दूसरे से 500 मीटर के बीच होंगी, उस समूह को पर्वतमाला कहा जाएगा. पैनल का कहना है, 'दो या दो से अधिक अरावली पहाड़ियां, जो एक दूसरे से 500 मीटर की निकटता में हैं, जिनकी दूरी दोनों ओर की सबसे निचली सीमा पर स्थित सबसे बाहरी बिंदु से मापी जाती है, उन्हें पर्वतमाला कहा जाएगा। अब बवाल होने का सबसे बड़ा कारण ये है कि नई परिभाषा अगर लागू होती है तो वर्तमान अरावली का करीब 90 फीसदी क्षेत्र अरावली से बाहर हो जाएगा और उसे अरावली नहीं माना जाएगा. ऐसे में अगर भविष्य में यहां माइनिंग या कोई और निर्माण होता है तो ये पहाड़ियां गायब हो जाएंगी और सिर्फ 10 फीसदी अरावली पहाड़ियां रहेंगी और बाकी गायब हो जाएंगी।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप किसी धार्मिक क्षेत्र से जुड़ेंगे जिससे आध्यात्मिक उन्नति होगी मन शांत रहेगा हास्य परिहास वाले स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण खुशनुमा करेंगे।

वृषः आज के दिन आपको अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें।

मिथुनः आज आपके द्वारा बनाई योजनाएं शीघ्र फलीभूत होंगी। सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आज सरलता से पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी। धर्म कर्म में विश्वास रहने पर भी समय नहीं दे सकेंगे तंत्र मंत्र में अधिक रूचि लेंगे।

कर्कः आज के दिन आपको मिला जुला फल मिलेगा। एक पल में खुशी के समाचार मिलने से आनंदित हो उठेंगे अगले ही पल किसी अन्य कारण से चिंता की स्थिति बनेगी। बाहर घूमने की योजना बनाएंगे।

सिंहः आज के दिन आप स्वयं को अन्य लोगो से कम आंकेंगे जिससे मन हीन भावना से ग्रस्त रहेगा। कार्यो के आरम्भ अथवा बीच में ही हार मान लेने के कारण धन सम्बंधित आयोजन असफल रह सकते है।

कन्याः आज के दिन फिर से व्यावसायिक उलझने बढ़ने के कारण नई परेशानी खड़ी होगी। हाथ आये अनुबंध निरस्त हो सकते है सहकर्मियो के साथ भी तकरार होने की संभावना है। घर का वातावरण भी अस्त-व्यस्त रहेगा कोई भी आपकी बात को महत्त्व नहीं देगा।

तुलाः आज आप दिन भर कार्य क्षेत्र पर व्यस्त रहेंगे व्यवसाय सम्बंधित वादे पूरे करने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा के चलते अधिक मशक्कत करनी पड़ेगा फिर भी लाभ आशा से कम ही रहेगा। संताने परीक्षा में आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी।

धनुः आज के दिन आपको पारिवारिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकेगा किसी वरिष्ठ व्यक्ति का इसमें महत्त्वपूर्ण सहयोग रहेगा पूजा-पाठ के आयोजन की रूप रेखा भी बनेगी।

मकरः आज के दिन आप परिस्थितियों से हार मान लेंगे मानसिक अशांति अधिक रहेगी। समझौते वाली प्रवृति भी आज काम् नहीं आने वाली। गृहस्थ में उथल-पुथल रहेगी।

कुंभः आज के दिन आप सामाजिक गतिविधियो में अधिक सक्रिय रहेंगे। समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ संपर्क बढ़ेंगे सम्मान में वृद्धि होगी। स्त्री सुख भी सामान्य रहेगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए आशा से अधिक फायदेमंद रहेगा। घर एवं बाहर आश्चर्यजनक घटनाएं घटित होंगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में कौन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किया गया था?

2) नासिक जिले में त्रिंबक पहाड़ियों से निकलने वाली कौनसी नदी है?

3) किसे मोलेसिस बेसिन भी कहा जाता है?

4) किस अधिवेशन में कांग्रेस नरम एवं गरम दल में विभाजित हो गई थी?

5) राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार किसने जीता?

उत्तरमाला- (1) ट्रांजिस्टर (2) वैतरणा (3) मिजोरम (4) सूरत (5) यतिन भास्कर दुग्गल

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -264

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 263 का हल



न्यूज गैलरी

खाचरौद के ग्राम भाटखेडी में आत्म निर्भर भारत अभियान सह जीएसटी बचत सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया

उज्जैन/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय आत्म निर्भर भारत अभियान सह जीएसटी बचत सम्मेलन कार्यकम का आयोजन शनिवार को खाचरौद विधायक श्री डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के मुख्य आथित्य एव मुख्य कार्यापालन अधिकारी जनपद पंचायत खाचरौद श्री गिर्राज शर्मा मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाटीदार भाजपा नेता मांगीलाल पाटीदार, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामलाल धाकड, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पर्वतसिंह केसरिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष लालसिंह बंजारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्यामाबाई मालवीय, सरपंच मधुबाला धाकड, की उपस्थित में ग्राम भाटखेडी के माध्यमिक विधालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यकम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से विभागों में किए गए उत्कृट कार्य एवं विभागीय गतिविधि को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग द्वारा 11 समूह को 51,22,000 रूपये कि वित्तीय सहायता आजीविका गतिविधि निरंतर संचालन हेतु बैंक के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई है। इस कार्यकम में ब्लॉक जनपद पंचायत से खण्ड अधिकारी चुन्नीलाल परमार, लेखाधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, मनरेगा राकेश जाटव, ब्लॉक प्रबंधक वैष्णवी धाकड, सहायक ब्लॉक प्रबंधक मनोज वर्मा, रविन्द्र डावर एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

विश्व ध्यान दिवस पर आज पुलिसकर्मी साधेंगे मौन, ध्यान से तनावमुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य का संदेश

उज्जैन/नवप्रदेश। तनाव से मुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य से 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जिले के पुलिसकर्मी सामूहिक रूप से ध्यान साधना करेंगे। यह आयोजन नागझिरी स्थित पुलिस लाईन में किया जाएगा, जहां सुबह निर्धारित समय पर पुलिसकर्मी 20 मिनट तक मौन धारण कर ध्यान लगाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विभाग में ड्यूटी का समय तय न होने के कारण कई बार पुलिसकर्मियों को समय पर भोजन और पर्याप्त आराम नहीं मिल पाता। इसके चलते पुलिसकर्मी शुगर, ब्लड प्रेशर, मोटापा और हृदय संबंधी बीमारियों से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इन्हीं समस्याओं के समाधान और तनावमुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नागझिरी पुलिस लाईन में तनावमुक्ति एवं ध्यान शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भाग ले रहे हैं। विश्व ध्यान दिवस पर सुबह 8 बजे से 8:30 बजे तक जिले के सभी पुलिसकर्मी 20 मिनट तक ध्यान करेंगे।

अनुसूचित जाति-जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने रैली निकाल कर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

मांग नहीं मानी गई तो आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में 18 जनवरी को होगा भोपाल में आंदोलन

उज्जैन/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बिना जांच के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ की गई कार्रवाई के विरोध में प्रदेशभर में लगातार धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उज्जैन के फ्रीगंज स्थित टावर चौराहे पर बीते तीन दिनों से शांतिपूर्ण धरना चल रहा था, लेकिन शासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने के कारण आंदोलनकारियों ने धरने के समापन के बाद विशाल रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया।रैली से पूर्व फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात अंबेडकर संगठन एवं सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों ने आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार से कार्रवाई तत्काल वापस लेने की मांग की। राम सोलंकी एवं धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि रैली फ्रीगंज टावर से प्रारंभ होकर उज्जैन के प्रमुख मार्गों से होती हुई कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन कार्यालय पर समाप्त हुई। यहां संगठन की ओर से राष्ट्रपति महोदय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही सरकार को चेतावनी दी गई कि यदि कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो 18 जनवरी को भोपाल में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 23 नवंबर 2025 को तुलसीनगर स्थित अंबेडकर मैदान में अजाक्स संगठन का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मंच से संबोधित करते हुए आईएएस संतोष वर्मा द्वारा कोई भी आपत्तिजनक या गलत बयान नहीं दिया गया था। उनके उद्बोधन को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर भ्रामक रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे सामाजिक वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस रैली में अजाक्स संगठन के साथ-साथ डॉ. आंबेडकर विद्यार्थी संगठन (DAVS), भीम आर्मी, भारतीय बौद्ध महासभा, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा, डोमा परिसंघ, आजाद समाज पार्टी, गुजराती बलाई युवा संगठन, मालवीय बलाई समाज संगठन, रविदास सेवक संघ, गुजराती सूर्यवंशी समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली में प्रमुख रुप से जैसे के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा, प्रदेश अध्यक्ष पवन डाबर, डोमा परिसंघ के प्रदेश महासचिव जे.के. मालवीय, भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष आर.आर. जवादे, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सोलंकी, आज समाज पार्टी से राजेश वर्षी, डॉ. आंबेडकर विद्यार्थी संगठन (DAVS) के उज्जैन संभाग अध्यक्ष संदीप मालवीय, संभाग प्रभारी राहुल भीयांजा, विशाल परमार, बंटी नेता मुकेश खलीफा, भगवान खांडेकर, रणजीत कबीर पंथी, शशिकांत देशभरतर, विलास साखरे और रोशन हेमराज सोलंकी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में देश विदेश से आए सोशल वर्कर्स की उपस्थिति में द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस का शुभारंभ

उज्जैन/नवप्रदेश। प्रथम सम्पूर्ण दिवस चले विचार एवं मंथन में समाजसेवको की विशिष्ठ भूमिका पर चर्चा हुई एवं समाजसेवकों के बिना भारत का नवनिर्माण सम्भव नही अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में भारतीय शिक्षा मण्डल एवं सामाजिक कार्य विभाग सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस' का देश विदेश से आए अतिथिगणों ने सद्गुरू रणछो?दासजी महाराज के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र कांफ्रेंस अध्यक्ष भरत भाई पाटनी डीडब्लूबीडीएनसी सदस्य, सामजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत शासन, सह अध्यक्ष श्री अशोक अवस्थी, बिजनेस लीडर व वरिष्ठ समाजसेवक, सुरेश चव्हाणके अध्यक्ष प्रबंध निदेशक सुदर्शन न्यूज, प्रो. चिंतामणि मालवीय विधायक, राधेश्याम शर्मा 'गुरूजी ठण्डाई', संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल, अंकित शाह भू राजनीति विशेषज्ञ, अर्पण भारद्वाज कुलपति सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन, मुकेश पाण्डे कुलपति बुंदेलखण्ड युनिर्वसिटी, सुरेश कुमार जैन कुलपति बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, प्रो. राकेश सिंघई कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर, प्रो. अजय राणा, महानिदेश ऐमिटी युनिर्वसिटी, ग्रेटर नोइडा, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी मध्यक्षेत्र संयोजक भारतीय शिक्षण मण्डल, बाला कुमार थंगावेलु निदेशक सीएसआर इण्डिया हेड कोगनिजेंट, जितू भाई पटेल ''गुज्जु गुरू'', संजय राय सचिव महात्मा गांधी हरिजन सेवक संघ, नईदिल्ली, मेहुल संघवी, इन्दौर शुभम पाल सिंह केन्द्रिय भूजल बोर्ड, जलशक्ति मंत्रालय, हैदराबाद, डॉ. देबायन सरकार इंचार्ज ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र सहित प्रतिष्ठित समाजसेवी, शिक्षाविद्, दार्शनिक, चिंतक, शोधार्थी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने आपने विचार साझा किए। इस अवसर पर समस्त अतिथियों का स्वागत मालवी पगड़ी, केसरिया दुपट्टे एवं महाकाल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने आश्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से सामजिक कार्यों में अपने दायित्वों का निर्वाह करने की प्रेरणा दी। सुरेश चव्हाणके ने अपने उद्बोधन में सेवा के इस तीर्थ को अनुपम बताते हुए घोषणा की सुदर्शन चेनल सेवांजलि कार्यक्रम का जल्द ही शुभारंभ करने जा रहा है उसकी पहल अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम से की जावेगी। संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, दिल्ली ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

आध्यात्मिक रचनाकार पंडित मुस्तफ़ा ने रचा भगवद गीता प्रेरित ग्रंथ गीता-भारती

सांस्कृतिक सामाजिक सद्भाव पखवाड़े में स्वर्णिम भारत मंच अभिनंदन करेगा

उज्जैन/नवप्रदेश। 25 दिसंबर से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित सामाजिक सौहार्द और सद्भाव से युक्त सांस्कृतिक पखवाड़े द्वारा आयोजित सांस्कृतिक पखवाड़े में आध्यात्मिक रचनाकार पंडित मुस्तफा आरिफ का आयोजक स्वर्णिम भारत मंच द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित मुस्तफा अपने भगवद गीता प्रेरित ग्रंथ गीता-भारती का पाठ भी करेंगे। स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि पंडित मुस्तफा आरिफ ने भगवद गीता पर आधारित ग्रंथ गीता-भारती की रचना की 20 दिसंबर शनिवार को पूर्ण की है। गीता-भारती में भगवद गीता के 700 श्लोक का काव्यात्मक रूपांतरण 786 हिंदी मुक्तक के रूप में किया गया है। जिससे की आमजन सरल सुबोध भाषा में भगवद गीता को आत्मसात कर सके। दिनेश श्रीवास्तव के अनुसार भारत में सामाजिक सौहार्द और सद्भाव के पुरोधा के रूप मे प्रख्यात पंडित मुस्तफा ने इसके पूर्व कुरान से प्रेरित 10000 हिंदी पदो की रचना 18 अध्याय में कर चुके है। भगवद गीता पर आधारित गीता-भारती में 786 पद की रचना कर, अपनी राष्ट्रीय भावना की अवधारणा की उन्होंने पुष्टि की है। सांस्कृतिक पखवाड़े मे श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसके लिए भूमि पूजन हो चुका है। पंडित मुस्तफा इस अवसर पर गीता-भारती के 15 वें पुरुषोत्तम योग के 24 छंदो का पाठ करेंगे। दिनेश श्रीवास्तव ने उज्जैन के संस्कृति व सामाजिक सद्भाव प्रेमियों से पखवाड़े के कार्यक्रमो मे भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है।

उज्जैन में 21 दिसंबर से शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन

नेपाल सहित देशभर के विद्वान करेंगे सहभागिता

उज्जैन/नवप्रदेश। धार्मिक और संस्कृति की नगरी उज्जैन (अवंतिका) में आगामी 21 और 22 दिसंबर 2025 को छठे अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय यह सम्मेलन कालिदास अकादमी के कोठी रोड स्थित अभिरंग सभागार में आयोजित होगा। इस महाकुंभ में भारत के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल के शीर्ष ज्योतिषी, वास्तुविद और आध्यात्मिक विचारक एकत्रित होकर ज्योतिष, वास्तु, तंत्र और अध्यात्म के गूढ़ विषयों पर अपना विमर्श प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के संयोजक डॉ सर्वेश्वर शर्मा एवं सह संयोजक डॉ अजय शर्मा ने देते हुए बताया कि,महाधिवेशन का उद्घाटन रविवार, 21 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेशसिंह कुशवाह रहेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज करेंगे। समारोह में सारस्वत अतिथि के रूप में वाल्मीकि पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुराविद डॉ. रमन सोलंकी तथा प्रो. बी.के. आंजना विभागाध्यक्ष, संस्कृत ज्योतिर्विज्ञान वेद अध्ययनशाला उपस्थिति प्रदान करेंगे। आपने बताया कि,इस सम्मेलन का आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, कालिदास संस्कृत अकादमी, पूर्णश्री फाउंडेशन, आचार्य वराहमिहिर न्यास, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद् और साउथ एशियन एस्ट्रो फेडरेशन (नेपाल) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन में गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के विद्वान दैवज्ञ अपने शोधपरक व्याख्यान देंगे। विशेष रूप से नेपाल पंचांग समिति के कार्यकारी निदेशक आचार्य लक्ष्मण पथी, डॉ. निलिम्प त्रिपाठी और आचार्य कैलाशपति नायक जैसे दिग्गज विद्वान महत्वपूर्ण सत्रों का मार्गदर्शन करेंगे। दो दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत प्रथम दिन उद्घाटन के पश्चात दो व्याख्यान सत्र होंगे। दूसरे दिन, 22 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से निरंतर चार अकादमिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ज्योतिष के वैश्विक महत्व और इसकी वैज्ञानिकता पर चर्चा होगी। सोमवार शाम 4:00 बजे आयोजित होने वाले समापन समारोह में सहभागी विद्वानों का सम्मान किया जाएगा। यह महाधिवेशन प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

भाजपा द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश के विरोध में रैली आज

उज्जैन/नवप्रदेश। भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों और संघीय उत्तरदायित्वों को समाप्त करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश के विरूद्ध आज 21 दिसंबर रविवार को उज्जैन में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके तहत विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में आज सुबह 11.30 बजे शहर कांग्रेस कार्यालय से महात्मा गांधी उद्यान तक रैली निकाली जाएगी। यहां महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष भाजपा की नीति का विरोध किया जाएगा। महेश परमार एवं मुकेश भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 卐महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना卐 का नाम बदलना सबसे महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी के नाम और मूल्यों को मिटाने का सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। इस योजना में राज्यों पर हिस्सेदारी का बोझ डालकर केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। यह बदलाव केन्द्र सरकार द्वारा जनता के 卐काम के कानूनी अधिकार卐 को ही समाप्त करता है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, जिलाध्यक्ष महेश परमार ने पार्टी पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, श्रमिक संगठनों, लाभार्थियों एवं आम जन से आव्हान किया है कि करो?ें लाभार्थियों को प्रभावित करने वाले इस जनविरोधी फैसले के विरोध में प्रभावी रूप से विरोध प्रदर्शन करें।

पानी बंटवारे को लेकर 2 गांवों के बीच विवाद, 15 के खिलाफ FIR दर्ज

उज्जैन/नवप्रदेश। माकड़ोन गांव के किसानों ने आज डेलची गांव के किसानों पर आरोप लगाया कि बीती रात उनकी मोटर और पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया गया है। इसके बाद आक्रोशित होकर माकड़ोन के 200 से ज्यादा किसानों ने चक्काजाम कर दिया। पूरा मामला कुछ इस प्रकार है कि पैतीसा डेम के पानी के बंटवारे को लेकर माकड़ोन और डेलची गांव के किसानों के बीच पिछ्ले करीब 6 वर्षों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि रात के समय डेलची के कुछ लोगों ने डेम से माकड़ोन की ओर जा रही पाइपलाइन की मोटर उखाड़कर फेंक दी और कई पाइप तोड़ दिए। इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनकी फसलों की सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई। सुबह जब करीब 35 से अधिक किसानों की पाइपलाइन टूटी हुई मिली, तो आक्रोशित होकर माकड़ोन के 200 से ज्यादा किसानों ने चक्काजाम कर दिया। गांव के राधेश्याम ने बताया कि परमिशन मिलने के बाद भी डेलची के लोग फसल पकने की कगार पर रहती है, तब मोटर, पाइप और स्टार्टर को नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे 20 से 25 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ है।जिले के माकड़ोन में पानी के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद के बाद किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। डेम के पानी को लेकर हुए विवाद के चलते माकड़ोन के किसानों ने मंडी गेट के बाहर चक्काजाम कर दिया। जाम के कारण कई घंटे तक सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। किसानों के समर्थन में महिलाएं भी अपने काम छोड़कर प्रदर्शन में शामिल हो गईं। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है, जबकि डेम में पानी की कमी बनी हुई है। इसी वजह से हर साल पानी के बंटवारे को लेकर दोनों गांवों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। तहसीलदार नवीन कुंभकार ने बताया कि बीती रात कुछ किसानों द्वारा पाइपलाइन और मोटर नष्ट किए जाने की घटना सामने आई है। किसानों ने नुकसान की भरपाई और पानी के अधिकार की मांग की है। मामले में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम भेजी गई है, जो नुकसान का आकलन करेगी और पानी के विवाद को आपसी बैठक के जरिए सुलझाने का प्रयास करेगी।

गांधी शिल्प बाजार में स्वदेशी कला को नई पहचान, शिल्पकारों का बढ़ा उत्साह

उज्जैन/नवप्रदेश। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं शताब्दी क्राफ्ट एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित गांधी शिल्प बाजार (राज्य) उज्जैन में स्वदेशी शिल्प और हस्तकला को नया उत्साह मिला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री राजपाल सिंह सिसोदिया के आगमन से शिल्पकारों और उद्यमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

श्री सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य तथा विशेष अतिथि डॉ. पिंकेश डफरिया, श्री चरणजीत सिंह सलूजा एवं श्री यशपाल सिंह राजपूत (चार्टर्ड अकाउंटेंट) की गरिमामयी उपस्थिति में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ÷प्रयास ङ्क हर कदम मिलके साथ चलें हम÷ म्यूजिकल ग्रुप ने मधुर और मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

अपने संबोधन में श्री सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में इस तरह के स्वदेशी मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे आयोजन स्थानीय शिल्पकारों को न केवल पहचान दिलाते हैं, बल्कि उन्हें रोजगार और बाजार भी उपलब्ध कराते हैं।

मुख्य अतिथि ने मेले का भ्रमण कर विभिन्न राज्यों से आए हस्तशिल्पकारों से संवाद किया और उनके उत्पादों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेशकर और आशा भोसले के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया।

इस अवसर पर अर्पणा देशमुख, सहायक निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), प्रिंस कुमार, हस्तशिल्प प्रवर्धन अधिकारी तथा श्री दिलीप सिंह परगर, क्षेत्रीय सूचना एवं प्रसारण अधिकारी, सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहे और उन्होंने गांधी शिल्प बाजार का निरीक्षण किया।

मेला समन्वयक श्रीमती रीना वर्मा ने बताया कि यह मेला वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है तथा शताब्दी क्राफ्ट एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भव्य रूप से आयोजित किया गया है। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं और बड़ी संख्या में शहरवासी एवं पर्यटक शिल्प बाजार का अवलोकन कर रहे हैं।

संत श्री गाडगे महाराज की 70 वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

उज्जैन/नवप्रदेश। रजक समाज के आराध्य देव एवं स्वच्छता अभियान स्वच्छता अभियान के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 70 वे महापरिनिर्वाण दिवस पुण्यतिथि के अवसर पर संत श्री गाडगे जन्मोत्सव समिति सर्व रजक समाज उज्जैन एवं श्री मालवीय रजक जनकल्याण सेवा समितिकी ओर से संयुक्त रूप से पुष्पांजलि का कार्यक्रम किया गया संत श्री का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती में महाशिवरात्रि 23 फरवरी सन 1876 को हुआ था एवं महापरिनिर्माण 20 दिसंबर 1956 को हुआ था सर्वप्रथम सर्व रजक समाज के अध्यक्ष श्री रामजीलाल खालोटिया द्वारा संत शिरोमणि को पुष्पांजलि दी गई समिति के सचिव हितेश मालवीय द्वारा प्रातः संत शिरोमणि का जल अभिषेक किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष रामजीलाल खालोटिया प्रभारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री श्याम लाल जी साकोनिया सर्व रजक समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री नारायण जी बाथवी श्री मालवीय रजक जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष एवं सर्व रजक समाज के संयोजक श्री निलेश जी बिलोदिया श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष श्री राजेश जी नारोलिया वरिष्ठ समाजसेवी श्री रतन जी गोड श्री संजय बिलोदिया श्री महेश जी मालवीय कृष्णा माइकल दोवडिया योगेश बिंजवा चेतन सिसोदिया जीतू बिंजवा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे यह जानकारी संस्था के सचिव हितेश मालवीय ने दी

न्यूज गैलरी

शशिम में आचार्यों की बैठक आहूत

कांकेर/नवप्रदेश। शुक्रवार को कांकेर शिक्षा समिति के द्वारा आचार्यो की बैठक रखी गई। बैठक में प्रमुख रूप से कांकेर शिक्षा समिति के अध्यक्ष भरत मटियारा समिति के व्यवस्थापक अशोक राठी समिति के सहसचिव अजय जैन संस्थान प्रतिनिधि पोखनलाल सिन्हा एवं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश तारक की अगुवाई में आयोजित हुई। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा बैठक के विषय रखे गये।उक्त बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चाएं की गई। जिसमें शाला नवीन प्रवेश विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता तथा बेहतर परीक्षा परिणाम कैसे आये विषय प्रमुख थे। साथ ही आगामी योजनाओं पर भी सहमति बनाई गई। विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया।आचार्यों ने भी कुछ मूलभूत बातों पर ध्यानाकर्षण किया। शैक्षिक गुणवत्ता लाने सभी आचार्य गण एक मत से प्रयास करने की बात कही।

विद्यारंभ संस्कार जनवरी में होना हैं, जिसके लिए नवीन प्रवेश कैसे हो इस पर आचार्यों से सुझाव मांगे गए। जिस पर आचार्यों के द्वारा अपने विचार रखते हुए कहा गया कि गए नवीन शिशु बच्चों के प्रवेश हेतु शिशु वाटिका का होना आवश्यक है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने चितालंका बाईपास पुल सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा आज चितालंका स्थित क्षतिग्रस्त बाईपास पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पुल विगत माह हुई अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त होकर ढह गया था, जिससे क्षेत्र में आवागमन बाधित हो गया है और स्थानीय नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुल की वर्तमान स्थिति, क्षति के कारणों तथा प्रस्तावित नवीन पुल निर्माण योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चितालंका बाईपास मार्ग पर नवीन पुल निर्माण कार्य की डीपीआर यथाशीघ्र तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि इस वर्ष आई बाढ़ की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जलस्तर की समुचित गणना कर उसी के अनुरूप डीपीआर तैयार की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी क्षति की पुनरावृत्ति न हो।

मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही नवपदस्थ कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य सुविधाओं की टोह

कोरबा/ नवप्रदेश। जिले में ज्वॉनिंग के दूसरे ही दिन से नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में अपनी रणनीति प्रारंभ कर दी है। इस कड़ी में आज उन्होंने सुबह होते ही कोरबावासियों की लाइफलाइन स्व बिसाहूदस महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल में प्रवेश करते ही उन्होंने एक आम मरीज की तरह आवश्यकताओं को भांपते हुए पंजीयन कक्ष एवं इमरजेंसी सेवा के पास सेवारत चिकित्सकों के नाम एवं उनके मोबाइल नंबरों की सूची प्रदर्शित करने और शासन द्वारा मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का उल्लेख करते हुए जानकारी को डिस्प्ले करने के निर्देश दिए। लगभग दो घंटे तक उन्होंने अस्पताल में अपना समय देते हुए मरीजों, मरीजों के परिजनों, एनआरसी में दाखिल बच्चों की माताओं से स्वास्थ्य सुविधाओं की टोह लीं और उन्हें कॉलेज प्रबंधन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को भी परखने का काम किया। कलेक्टर दुदावत ने पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाई गई टीवी के बंद होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए, वहीं बच्चो को दी जाने वाली आहार की जानकारी लेते हुए उन्होंने किचन में जाकर सब्जी, दाल की गुणवत्ता को भी परखा और दाल पतली दिखाई देने पर गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यहां भर्ती बच्चे का वजन कराकर वजन में हो रहे सुधार की भी जानकारी ली।

समाज सेवा कल्याण विभाग ने उभयलिंगी समुदाय के व्यक्तियों का किया सम्मान

■ सम्मान पाकर खिले उभयलिंगी समुदाय के व्यक्ति

कांकेर/नवप्रदेश। छग.रजत जंयती वर्ष 2025 में समाज कल्याण विभाग कांकेर द्वारा कलेक्टर के निदेशन में आयोजित किया गया उभयलिंगी समूदाय के व्यक्तियों के पुर्नवास एवं अधिकारों के संरक्षण पर कार्यशाला सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह कंपोजिट बिल्डिंग कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम कार्यक्रम की अध्यक्षता अरूण कौशिक के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन की गयी साथ ही कार्यक्रम के प्रारंभ में दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चो के विशेष विद्यालय के द्वारा अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी कार्यक्रम में सभी विभागों शिक्षा स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास जिला पंचायत विभाग उद्योग विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रारंभ में उपसंचालक समाज कल्याण के द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला पुलिस विभाग से डीएसपी सुश्री विंकेश्वरी पिदे ने अनेक समस्याओं को सुनकर उनका समाधान सुझाया। उच्च शिक्षा विभाग से श्रीमती अलका (मनोवैज्ञानिक) द्वारा उभयलिंगी समुदाय के व्यक्ति के मानसिक स्थिति उनकी काउंसिंग पर विस्तार से चर्चा की।

अतिरिक्त मुख्य अधिकारी सुश्री स्टेला मैम द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं में उभयलिंगी समुदाय को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी विधिक सेवा प्राधिकरण स्वयं सेवी सुश्री वर्षा पोया द्वारा उभयलिंगी व्यक्तियों की दी जाने वाली सुविधाओं पर चर्चा की कार्यशाला में उभयलिंगी समुदाय खुदकर अभिव्यक्ति दी इस प्रकार का आयोजन पहली बार किये जाने पर छश्रीसगढ़ सरकार एवं समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया। लक्ष्मी सहारे समाज सेवी संस्थापित द्वारा उभयलिंगी समुदाय के व्यक्तियों की आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुए इस अवसर पर विधायक जी श्री आशाराम नेताम जी द्वारा उभयलिंगी समुदाय हेतु आयोजित इस कार्यक्रम के लिए विभाग की सहाराना की गयी।छ.ग. राज्य रजत जंयती वर्ष पर सरकार द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम अतिआवश्यक है सभी हमारे अभिन्न हिस्सा है सभी का साथ सभी का विकास इस सरकार की थीम है। उभयलिंगी समुदाय के ऑफिस कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य हेतु शहर के मध्य ही भवन उपलब्ध कराने के मांग पर शीघ्र ही समाज कल्याण के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया।अरूण कौशिक द्वारा उभयलिंगी समुदाय हेतु आयोजन पर विभाग को बधाई दी सदैव इस समूदाय को सहयोग करने की विश्वास दिलाया।भरत मटियारा मछवा बोर्ड अध्यक्ष द्वारा उभयलिंगी समुदाय की सहाराना की। कार्यक्रम की बडी उपलब्धी यह रही सभी उभयलिंगी समूदाय के व्यक्तियो को रोल माडल एवं बस्तर फाइटर एवं अन्य शासकीय सेवा में चयनित 8 बस्तर फाईटर/पुलिस सेवा में चयनित 2 उभयलिंगी व्यक्तियों का शाल/श्रीफल/सम्मान चिन्ह से स्वागत किया गया। सभी अतिथी को स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं अन्य विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर के नेतृत्व में कांकेर बना शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान का मॉडल

■ अनुरोध कार्यक्रम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटे सैकड़ों बच्चे कांकेर जिले में ऐतिहासिक पहल

कांकेर/नवप्रदेश। आकांक्षी जिला उत्तर बस्तर कांकेर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित ÷अनुरोध कार्यक्रम शाला त्यागी मुक्त ग्राम÷ अभियान ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायी मिसाल कायम की है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व, स्पष्ट दिशा-निर्देशों एवं सतत निगरानी में यह अभियान 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

नक्सल प्रभावित, आदिवासी बाहुल्य एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों तथा समुदाय की सहभागिता से यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सका।

मुख्यधारा में शिक्षा से जुड़ाव,अभियान के अंतर्गत शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को समीपस्थ प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में समुचित कक्षा में प्रवेश दिलाया गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को आश्रम शाला, केजीबीवी, 50 सीटर एवं 200 सीटर डारमेटरी तथा आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रदान किया गया।

तिथि-वार अभियान की प्रमुख गतिविधियां

21 नवम्बर से 24 नवम्बर के मध्य जिले के सभी विकासखंडों में घर-घर सर्वेक्षण कर शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इस सर्वे में 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से 12 तक के ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जो किसी कारणवश विद्यालय से बाहर थे। सर्वे कार्य प्रधानाध्यापकों, संकुल प्राचार्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से संपन्न हुआ। बच्चों की जानकारी विद्यालयों की उपस्थिति पंजी से मिलान कर निर्धारित प्रपत्र में संकलित की गई। इस दौरान विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का पृथक चिन्हांकन भी किया गया।26 नवम्बर को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में चिन्हांकित बच्चों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया गया तथा पालकों, पंचायत सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों को विद्यालय में पुनः नामांकित कराने हेतु काउंसलिंग की गई।

निरंतर मॉनिटरिंग और जनजागरूकता

अभियान के दौरान कोटवारों द्वारा मुनादी कराई गई तथा विद्यालय स्तर पर गठित मीडिया सेल के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई गई। 28 नवम्बर तक संकुल स्तर पर डाटा का सत्यापन कर विकासखंड कार्यालय में जमा कराया गया, जिसे बीआरसीसी एवं बीईओ द्वारा प्रमाणित कर जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

प्रभावशाली परिणाम

अनुरोध कार्यक्रम के सार्थक और सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सत्र 2025-26 में अब तक जिले में 288 शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। अनुपस्थित बच्चों से 3 दिवस के भीतर शिक्षकों द्वारा संपर्क एवं अनुरोध सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे उपस्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है।

जिला स्तरीय युवा खेल उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

खेल और सकारात्मक जीवनशैली से होगा : विधायक

कांकेर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने उनकी प्रतिभाओं को निखारने एवं खेलों के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव खेल प्रतियोगिता का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में किया गया।

युवा उत्सव के अवसर आयोजित कार्यक्रम को कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में युवाओं को सकारात्मक दिशा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है, जिससे बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश और प्रदेश की रीढ़ है। युवा स्वस्थ रहेंगे और नशामुक्त जीवन अपनाएंगे, तभी राज्य और राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में खेलों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने युवा उत्सव में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा महिलाओं को आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप 'खेलो इंडिया सांसद खेल प्रतियोगिता एवं अन्य खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए अलग-अलग जागरूकता अभियान चलाने की अपील की।

ग्राम कानागांव में अज्ञात व्यक्तियों ने शीतला माता मंदिर में की आगजनी

ग्रामीण थाना पहुंच दिया आवेदन जल्द कार्यवाही करने की मांग

अंतागढ़ / नवप्रदेश। एक और जहां आमाबेड़ा बड़े तेवड़ा का मामला शांत नहीं हुआ है वही अब अंतागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कानागांव में शुक्रवार रात्रि के दरम्यानी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा शीतला माता मंदिर में आगजनी की घटना को अंजाम दिया है जिसको लेकर आज कानागांव के ग्रामीण अंतागढ़ पुलिस थाना पहुंच अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा प्राथमिक सूचना दर्ज करने अंतागढ़ थाना प्रभारी रमेश जायसवाल को आवेदन सौंपा और जल्द ही कार्यवाही करने की मांग की

ज्ञात हो कि अंतागढ़ ब्लॉक के ग्राम कानागांव में शीतला मंदिर में आगजनी कर दिया गया है जिसको लेकर ग्राम के गायता सने सिंह ऊईका विकेश उईके ग्राम पटेल जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेंडी सहित ग्राम के समस्त निवासी अंतागढ़ थाना पहुंच थाना प्रभारी को प्राथमिक सूचना दर्ज करने आवेदन दिया। आवेदन में लिखा है कि इस

घटना से हम समस्त ग्राम वासी आक्रोशित हैं। उस घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही करने की मांग करते है *बारसू राम उईके* का कहना है कि हमारे शीतला मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगाया है हमारे देवी देवता पर आग लगाना हम ग्रामीणों पर ठेस पहुंचा है मंदिर हमारा आस्था का केंद्र है जिस भी व्यक्तियों द्वारा आग लगाई गई है उस पर शासन प्रशासन उचित कार्यवाही करे *अजय कुमार उईके* का कहना है कि रात में शीतला मंदिर में आग लगाया गया था सुबह शासन प्रशासन को जानकारी दी गई हम सभी आहत है जो भी हमारे देवी देवता को नहीं मानते वही यह कार्य कर सकता है शासन प्रशासन से मांग करते है कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए

तहसीलदार का कहना

अंतागढ़ तहसीलदार वीरेन्द्र नेताम ने कहा है कि मोबाइल से जानकारी मिली कि कानागांव में शीतला माता मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगाई गई जिस पर घटना स्थल आकर सब ग्राम वासियों को संयम बरतने कहा गया है किसी के अफ़वाहों में न आए और शांति बनाए रखें।

थाना प्रभारी का कहना

अंतागढ़ थाना प्रभारी रमेश जायसवाल का कहना है कि मोबाइल से सूचना मिली थी कि कानागांव शीतला माता मंदिर आगजनी की घटना घटित हुई है जिस पर मौके को देखा गया सभी चीज सही सलामत है वही नीचे माता की वस्त्र तेल शीशी में आग लगने की घटना दृश्यमान हुई थी प्रथम दृष्टिया किसी असामाजिक तत्व या किसी विक्षिप्त द्वारा बताया जाता है बगल किसी पागल का रहना बताया जा रहा है तो सभी एंगल से जांच की जाएगी आवेदन प्राप्त हुआ है वैधानिक कार्यवाही की जाएगी सभी को संयम और शांति बनाए रखना कहा गया है

दुष्कर्म के आरोपी को विश्रामपुरी पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। 08.नव.2025 को प्रार्थिया द्वारा थाना विश्रामपुरी थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 06.नव.2025 को कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया है, प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 137(2) का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया जिस पर पुलिस महोदय कोण्डागांव पंकज चन्द्रा (भा0पु0से0) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. विनोद नेताम, के नेतृत्व में थाना विश्रामपुरी से टीम गठित की गई, विवेचना के दौरान पीड़िता का पता तलाश की जा रही थी कि दिनांक 18.12.2025 को साईबर सेल

कोण्डागांव से प्राप्त संदिग्ध मोबाईल नम्बर लोकेशन के आधार पर थाना बगरू जिला जयपुर राजस्थान जाकर बगरू स्थित डागर इन्डस्ट्रीज प्लास्टिक पाईप कम्पनी (उत्तर प्रदेश) राजस्थान आदित्य दुबे पिता स्व0 राजेश दुबे उम्र 19 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम माधो नगर थाना बेवर जिला मैनपुरी के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया गया। पीड़िता से पुछताछ करने पर अपने कथन में बतायी कि मोबाईल फोन के माध्यम से आरोपी आदित्य दुबे पिता पिता स्व0 राजेश दुबे उम्र 19 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम माधो नगर थाना बेवर जिला मैनपुरी राजस्थान के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दिल्ली बुलाया एवं दिल्ली से अपने साथ बगरू जिला जयपुर राजस्थान में साथ रखकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाया है। पीड़िता के कथन पर प्रकरण में अपराध सदर धारा-64,64 (1) (ड),67 भा.न्या.सं. 06 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई, आरोपी को थाना विश्रामपुरी में लाकर पुछताछ करने पर दिनांक घटना को जुर्म कारित करना स्वीकार करने पर दिनांक 20.12.2025 को गिरफ्तार किया गया, विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा जा रहा है।

उक्त कार्यवाही में उप निरी. विनोद नेताम, सउनि. रमेश निषाद, सउनि. निशा प्रयाग, म.प्र.आर. 213 जयो चंद्रवंशी, प्र.आर. 63 सियाराम मरापी, प्र.आर. 02 देवार्चन सिदार, आर. 616 रविकांत शाडिल्य म.आर. 3035 सुमन नेताम, की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

पेज 1 का शेष

बंगाल को जंगलराज ...

पूरे दिल से बंगाल के लोगों के लिए समर्पित हैं और राज्य के लिए फंड और नीतियों की कोई कमी नहीं है।

नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

पीएम मोदी ने अपने संबोधन से पहले 3,200 करोड़ रुपये के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी सुबह करीब 10.40 बजे दिल्ली से कोलकाता पहुंचे थे। वहां से हेलिकॉप्टर से ताहिरपुर रवाना हुए। लेकिन, घने कोहरे के कारण हेलिकॉप्टर कुछ देर तक हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता लौट गया।

बंगाल को 3200 करोड़ की सौगातः पीएम मोदी

गौरतलब है कि अपने बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री करीब 3,200 करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। नदिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के बरजागुली-कृष्णानगर सेक्शन के 66.7 किलोमीटर लंबे फोर-लेन का उद्घाटन और उत्तर 24 परगना जिले में 17.6 किलोमीटर लंबे बारासात-बरजागुली सेक्शन के फोर-लेन का शिलान्यास किया। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं से कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी लिंक बनने की उम्मीद है, जिससे राज्य के दक्षिणी और उत्तरी हिस्सों में व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

जी राम जी विधेयक ...

हैं कि विकसित भारत जी राम जी बिल का लक्ष्य रोजगार गारंटी को बढ़ाकर, स्थानीय योजनाओं को शामिल करके, मज़दूरों की सुरक्षा और खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाकर, योजनाओं को मिलाकर, फ्रंटलाइन क्षमता को मज़बूत करके और शासन को आधुनिक बनाकर ग्रामीण आजीविका को बदलना है। वह इस बात पर ज़ोर देते हैं कि यह बिल सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है – यह इसका नवीनीकरण है।

केरल में छत्तीसगढ़ के ...

समझकर हाथ मुक्के से पीटा। इसकी वीडियो भी सामने आया है। मामला केरल के पलक्कड़ जिले के वालैयार थाना क्षेत्र का है।

पिटाई के कारण हुई मौत

स्थानीय लोगों ने 17 दिसंबर की दोपहर 3 से 4 बजे के बीच रामनारायण को घेर लिया था। उससे बांग्लादेशी होने का आरोप लगाकर मारपीट की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पिटाई के कारण रामनारायण की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

आजादी के 100 साल को

तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के किनारे बसे शहरों में सीवरेज कार्य को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि नर्मदा नदी में गंदा पानी न मिलाया जाये। उन्होंने बताया कि प्रदेश की नगरीय क्षेत्रों में सम्पत्तियों की जीआई मेपिंग की गई है। इस कार्य से सम्पत्ति कर में 150 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने अमृत योजना में अधूरे कामों को पूरा करने के लिये केन्द्र से मदद दिये जाने का आग्रह किया। कार्यक्रम को केन्द्रीय सचिव आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली श्री श्रीनिवास कटिकिथला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक के आयोजन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली ऑनलाइन सेवाओं पर केन्द्रित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म में पानी के सदुपयोग, अर्बन लॉकर, व्हीकल फ्यूल निगरानी सिस्टम और अन्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की जानकारी दी गई। बैठक के प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे और आयुक्त नगरीय विकास श्री संकेत भोंडवे ने उल्लेखनीय उपलब्धियों की जानकारी दी।

सत्र में चर्चा

उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न राज्यों और केन्द्र सरकार के अधिकारियों के बीच योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बिन्दुवार चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 9 लाख 46 हजार आवासों में 8 लाख 79 हजार आवास निर्माण किये जा चुके है। पूर्ण आवासों के आधार पर मध्यप्रदेश प्रथम सर्वश्रेष्ठ राज्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 60 हजार आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है। केन्द्र सरकार के अधिकारियों ने कहा कि जिन हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाए जा चुके हैं, उनकी सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार को देना चाहिए। अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की आवास समस्या के हल के लिये उद्योगपतियों की मदद से किफायती आवास तैयार करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। सत्र में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा की प्रगति पर भी चर्चा की गई। सत्र में बताया गया कि प्रदेश में बस डिपो और चार्जिंग स्टेशन बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के अधिकारियों का कहना था कि प्रदेश में बनाई जा रही मेट्रोपॉलिटन सिटी में मेट्रो नेटवर्क के लिये राज्य सरकार को डीपीआर बनाने का कार्य प्राथमिकता से करना चाहिए। सत्र में अमृत योजना के बारे में जानकारी दी गई कि विभाग ने 6 हजार 500 प्रकरणों में स्वीकृति जारी की है। प्रदेश में ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है। हाल ही में 40 ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। सत्र में अमृत 3.0 पर भी चर्चा की गई। केन्द्र सरकार के अधिकारियों का कहना था कि पानी टेस्टिंग कार्यों में महिलाओं को आगे लाना चाहिए।

एक्शन में आई युनूस सरकार, बांग्लादेश में हिंदू शख्स की हत्या मामले में 7 गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है. मैमेनसिंह शहर में गुरुवार को कथित ईशनिंदा को लेकर भीड़ ने दीपू चंद्र दास (25) की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और शव को आग के हवाले कर दिया था. गौरतलब है कि इस हत्या की घटना के बाद भारत में कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी. कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने इस मामले में सरकार को पड़ोसी देश से सख्त कदम उठाने का आग्रह किया था।

हिंदू शख्स की भीड़ ने कर दी थी हत्या

पुलिस के अनुसार, भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों में फैक्टरी में मजदूरी करने वाले दास को पहले फैक्टरी के बाहर पीटा और फिर पेड़ से टांग दिया. पुलिस ने कहा कि इसके बाद भीड़ ने मृतक के शव को ढाका-मैमेनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़कर आग के हवाले कर दिया

युनूस सरकार ने हत्या की निंदा की

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद किया और पोस्टमॉर्टम के लिए मैमेनसिंह मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भेज दिया. अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को इस हत्या की निंदा की और कहा कि नए बांगलादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है।

गिरफ्तार लोगों की उम्र 19-46 के बीच

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 'एक्स' पर लिखा कि रैपिड एक्शन बटालियन ने मामले में संदिग्ध के तौर पर सात लोगों को गिरफ्तार किया है. सरकार ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर अभियानों के दौरान गिरफ्तारियां की गईं और गिरफ्तार लोगों की उम्र 19 से 46 साल के बीच है।

'वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आया, अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता'

■ **राजनीतिक रैंकिंग में बहुत बड़ा बदलाव आया**

पुणे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं। पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्ज़ी थोप नहीं सकता।' उन्होंने कहा, 'इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संतुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं।'

'दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी'

विदेश मंत्री ने कहा जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।' बांग्लादेश के हालात पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, 'बांग्लादेश बनने के कुछ साल बाद, हमारे सामने पाकिस्तान के साथ-साथ पश्चिम और चीन भी थे। इसके जवाब में, भारत ने सोवियत संघ के साथ एक मजबूत रणनीतिक रिश्ता बनाया। यह सुधारों से पहले का दौर था, जिसमें कम आर्थिक विकास, कमी, लाइसेंसिंग कंट्रोल और सीमित विदेशी व्यापार था। हमारे समाज और दुनिया के साथ हमारे संबंध आज से बहुत अलग थे।'

पश्चिमी लोगों ने जानबूझकर ज़्यादा मुनाफ़ा कमाने के लिए उत्पादन इकाइयों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का फैसला किया। इसके चलते बीते वर्षों में उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कम हुई है, जिसे उनके लाइफस्टाइल ने और प्रभावित किया है, लेकिन इन सभी घटनाओं का कुल नतीजा यह है कि वैश्विक आर्थिक और उसके बाद राजनीतिक रैंकिंग में बहुत बड़ा बदलाव आया है।'

'वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक नहीं रहीं'

शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा, 'यह पहचानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा, 'हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए।'

पश्चिमी देश ठहर गए हैं, जिससे वैश्विक बदलाव हुआ है

डॉ. जयशंकर ने कहा, 'आजादी के बाद, कई देश तरक्की और खुशहाली हासिल कर पाए और अब वे अपनी किस्मत खुद कंट्रोल करते हैं। सही फैसलों और समझदारी भरी नीतियों ने बहुत बड़ा फर्क डाला है। भारत के मामले में, हमने देखा है कि कैसे नेतृत्व और प्रशासन ने हमारी आर्थिक ग्रोथ और सामाजिक बदलाव के अलग-अलग दौर में उतार-चढ़ाव का सामना किया। इस दौर में जिस देश ने सबसे ज़्यादा फायदा उठाया है, वह चीन है। लेकिन हमने भी अच्छा किया है, खासकर सुधारों के बाद के दौर में, और पिछले दशक में तो और भी ज़्यादा। इसके उलट, पश्चिमी दुनिया का ज़्यादातर हिस्सा अब महसूस करता है कि वह ठहर गया है, यह भावना धीरे-धीरे राजनीतिक मायने लेने लगी है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर से मारपीट, पायलट सस्पेंड

■ **यात्री का दावा- मामला खत्म करने का दबाव बनाया, खून से सना चेहरा देख बेटी सदमे में**

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर शुक्रवार को ऑफ ड्यूटी पायलट ने एक यात्री से मारपीट की। इस घटना के बाद यात्री ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए हादसे की जानकारी शेयर की। साथ ही पायलट के कपड़ों और अपने चोटिल चेहरे की तस्वीर भी पोस्ट की। घटना के सामने आते ही सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा है कि पायलट ड्यूटी पर नहीं था। वह दूसरी फ्लाइट का पैसेंजर था। हमने उसे हटा दिया है, जांच पूरी होने पर कार्रवाई होगी।

घटना के बाद यात्री अंकित दीवान ने एक पोस्ट लिखा। इसमें कहा कि मुझ पर मामला खत्म करने का दबाव बनाया गया। जबरदस्ती लेटर लिखवाया। अगर मैं ऐसा नहीं करता तो मुझे फ्लाइट छोड़नी पड़ती। अंकित ने ये भी बताया कि मेरी 7 साल की बेटी ने अपने पिता को पिटते और मेरे खून से सने चेहरे को देखा। इसके बाद से वह सदमे में है। पैसेंजर ने शनिवार को एक और पोस्ट में पायलट का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि मुझे उम्मीद है कि एयरलाइन आगे की कार्रवाई करेगी।

अभी शिकायत नहीं मिली, आई तो कार्रवाई करेंगे

इधर, दिल्ली पुलिस ने शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल 1 पर पायलट की अंकित दीवान से हुई मारपीट की शिकायत मिलने से इनकार किया है। पुलिस ने कहा कि इस मामले की जानकारी न तो दीवान ने और न ही एयरलाइन ने पुलिस स्टेशन को दी है। यह मामला सोशल मीडिया के जरिए सामने आया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित से लिखित शिकायत मिलने के बाद वे उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने माफी मांगी, कार्रवाई का आश्वासन दिया

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने ऑफिशियल ट्वीटर हैंडल के जरिए माफी मांगी है। पोस्ट में लिखा है- हमें दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई घटना पर गहरा खेद है, जिसमें हमारा एक कर्मचारी शामिल था। पीड़ित के साथ हमारी सहानुभूति है और हम ऐसे व्यवहार की कड़ी निंदा करते हैं। संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से ऑफिशियल ड्यूटी से हटा दिया गया है। जांच पूरी होने पर कार्रवाई की जाएगी। एयरलाइन ने दावा किया कि पूरी जांच होने तक उचित कार्रवाई करेगी। वह निष्पक्ष और सख्त एक्शन को लेकर कानूनी अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करेगी।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

टी-20: गिल बाहर, ईशान किशन की सरप्राइज एंट्री

मुंबई। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान 20 दिसंबर (शनिवार) को किया गया. टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल टीम का पार्ट नहीं हैं. टीम का उप-कप्तान अक्षर पटेल को बनाया गया है.

15 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और मिडिल ऑर्डर बैटर रिंकू सिंह भी शामिल हैं. ईशान लगभग 2 साल बाद भारतीय टीम में लौटे हैं. ईशान को अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है. मुंबई स्थित भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के हेडक्वार्टर में चयनकर्ताओं की मीटिंग हुई, जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टीम का ऐलान किया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजीत अगरकर और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मौजूद रहे.

शुभमन गिल को बाहर करना हैरतभरा है क्योंकि वो साउथ अफ्रीका सीरीज तक टीम के उप-कप्तान थे. शुभमन को खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा है. अब संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ओपनिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे. जितेश शर्मा भी 15 सदस्यीय टीम का पार्ट नहीं हैं. यही स्क्वॉड न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी हिस्सा लेगी.

बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाना है. टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी को होनी है और इसका खिताबी मुकाबला 20 मार्च को निर्धारित है. गत चैम्पियन भारतीय टीम को इस टूर्नामेंट के लिए ग्रुप-ए में रखा गया है. इस ग्रुप में संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस), नामीबिया, नीदरलैंड्स और पाकिस्तान की टीम्स भी हैं.

2026 में जारी रहेगी सोने में तेजी !

नई दिल्ली। नए साल पर सोना कहां जाएगा निवेशकों के मन में यह एक बड़ा सवाल है। Goldman Sachs Group ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार 2026 में सोने की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में भी उछाल देखने को मिलेगी। बता दें, 2025 का साल के लिए शानदार रहा है। इस दौरान गोल्ड का रेट नए रिकॉर्ड्स बनाने में सफल रहा।

कितना जाएगा भाव?- ब्रोकरेज हाउस की रिपोर्ट के अनुसार सोने का भाव अगले साल नई ऊंचाईयों पर पहुंचने में सफल रहा है। Goldman Sachs Group की रिपोर्ट के अनुसार 2026 में सोने का भाव 4900 डॉलर प्रति आउंस यानी 155000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच सकता है। अगर ऐसा हुआ तो गोल्ड के लिहाज से 2026 का साल भी शानदार रहेगा।

इस समय क्या चल रहा है भाव?

Ibjarates की रिपोर्ट के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड का रेट सोमवार 131779 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, चांदी का भाव 2 लाख रुपये के पार हो गया। शुक्रवार को चांदी का रेट 200067 रुपये प्रति किलोग्राम था। एक तरफ चांदी की कीमतों में तेजी आई है। तो वहीं गोल्ड की कीमतों में बीते दो दिन में गिरावट आई है।

8000 रुपये मंहगा हुआ सोना

24 कैरेट गोल्ड का भाव 19 नवंबर 2025 को 123448 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। शुक्रवार को शाम को यह 131779 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। यानी महज एक महीने में कीमतों में 8000 रुपये का इजाफा हुआ है।

चांदी का दाम 48000 रुपये बढ़ा

19 नवंबर 2025 को एक किलो चांदी का भाव 158120 रुपये प्रति किलोग्राम था। जोकि शुक्रवार की शाम को 200067 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया। पिछले एक महीने में चांदी की कीमतों में करीब 48000 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा हो चुका है। (यह निवेश की सलाह नहीं है। सोने की कीमतों में तेजी के पीछे कई वजहें होती हैं। किसी भी निवेश से पहले सूझ-बूझ के साथ फैसला करें।

एथलीट्स गुरजोआत सिंह खंगुरा और राइज़ा ढिल्लो ने राष्ट्रीय शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय खिताब जीतकर रचा इतिहास

रायपुर/नवप्रदेश। जिंदल स्टील को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसके समर्थित खिलाड़ियों ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। उच्च दबाव वाले मुकाबलों की इस श्रृंखला में जिंदल स्टील समर्थित दल ने कई स्वर्ण और रजत पदक जीतकर भारत में उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

सटीकता और धैर्य के शानदार प्रदर्शन में गुरजोआत सिंह खंगुरा ने पुरुष स्कीट स्पर्धा में 2025 राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रैंक 1 पर रहते हुए खंगुरा ने फाइनल में दमदार प्रदर्शन किया और अनुभवी ओलंपियनों सहित कड़े प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में उभरती हुई स्टार राइज़ा ढिल्लों ने स्कीट शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। ढिल्लों ने महिला स्कीट और जूनियर महिला स्कीट—दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। उनका यह डबल-पोडियम प्रदर्शन उन्हें भारतीय शूटिंग की सबसे आशाजनक युवा प्रतिभाओं में शामिल करता है।

अनुभवी चैंपियन की अनुशासित खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए ओलंपियन मिराज अहमद खान ने चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीते। उच्चतम स्तर पर उनकी निरंतरता आने वाली पीढ़ी के निशानेबाजों को प्रेरित करती है, और जिंदल स्टील उनके इस प्रेरणादायी सफर का समर्थन जारी रखने पर गर्व महसूस करता है।

जिंदल स्टील भारतीय खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने एथलीट्स की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देता है।

एचडी कुमारस्वामी ने वैश्विक इस्पात साझेदारी का निर्माण करने के लिए राजदूतों के साथ की बैठक

नई दिल्ल। केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने प्रमुख भागीदार देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ एक संवादमूलक बैठक में भाग लिया और उन्हें इस्पात मंत्रालय के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-सह-प्रदर्शनी, भारत इस्पात 2026 में सक्रिय रूप से हिस्सा् लेने के लिए आमंत्रित किया, जो अप्रैल 2026 में आयोजित होने वाला है।

इस संवादमूलक सत्र में वैश्विक इस्पात मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देशों के राजदूतों और राजनयिक प्रतिनिधियों की अच्छी भागीदारी देखी गई। यह बैठक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को गहरा करने और वैश्विक इस्पात उत्पादक एवं इस्पात उपभोक्ता देशों के साथ भारत की भागीदारी को सुदृढ़ करने के लिए मंत्रालय के प्रयासों का हिस्सा थी। केंद्रीय मंत्री श्री एचडी कुमारस्वामी ने सभा को संबोधित करते हुए राजदूतों का हार्दिक स्वागत किया और उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी भागीदारी भारत द्वारा विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को दिए जाने वाले महत्व को दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत का इस्पात क्षेत्र आज देश के व्यापक आर्थिक परिवर्तन का प्रतिबिंब है और विकास, दृढ़ता और वैश्विक एकीकरण का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है। श्री कुमारस्वाामी ने रेखांकित किया कि भारत वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश है। यह स्थान निरंतर सुधारों, स्थिर निवेशों और आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता और स्थिरता पर केंद्रित स्पष्ट दीर्घकालिक विजन के माध्यम से प्राप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस्पात क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 2.5 प्रतिशत का योगदान देता है और लगभग 28 लाख लोगों की आजीविका का आधार है। बुनियादी ढांचे के विस्तार, विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि और रक्षा एवं परिवहन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के कारण इस्पात क्षेत्र की मांग बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन क्षमता अर्जित करने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है और 2047 तक 500 मिलियन टन इस्पात उत्पादन का भी महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां भारत को वैश्विक इस्पात मूल्य श्रृंखलाओं से और अधिक एकीकृत करेंगी तथा

गूगल ने कर्मचारियों को विदेश-यात्रा से बचने की सलाह दी

अमेरिका वापसी में हो सकती है 1 साल की देरी, H-1B वीजा होल्डर्स सबसे ज्यादा प्रभावित

नई दिल्ली- गूगल ने अपने कुछ कर्मचारियों को अमेरिकी वीजा पर होने की वजह से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने से मना किया है। इसकी वजह अमेरिकी एम्बेसी और कॉन्सुलेट में वीजा स्टैंपिंग के लिए अपॉइंटमेंट में भारी देरी है। एक इंटरनल मेमो में कहा गया है कि कुछ जगहों पर यह डिले 12 महीने तक पहुंच गया है। अगर कर्मचारी बाहर जाते हैं तो अमेरिका वापस आने में लंबा समय लग सकता है। यह सलाह खासतौर पर H-1B वीजा होल्डर्स के लिए है, जो टेक इंडस्ट्री में बहुत इस्तेमाल होता है।

मेमो में क्या कहा गया

कंपनी के बाहर के इमिग्रेशन लॉ फर्म BAL इमिग्रेशन लॉ ने 18 दिसंबर को यह मेमो भेजा। इसमें लिखा है कि कई स एम्बेसी और कॉन्सुलेट में वीजा स्टैंपिंग अपॉइंटमेंट की वेटिंग 12 महीने तक हो गई है। अगर वीजा स्टैंप की जरूरत है तो देश छोड़कर जाना रिस्की हो सकता है। क्योंकि बाहर लंबे समय तक फंसने का खतरा है। यह प्रभाव H-1B, H-4, F, J और M वीजा पर पड़ रहा है। गूगल ने इस पर अभी कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं किया है।

देरी की मुख्य वजह क्या है

ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने इस महीने H-1B वीजा एप्लीकेंट्स की वेटिंग बढ़ा दी है। इसमें सोशल मीडिया अकाउंट्स की स्क्रीनिंग भी शामिल है। स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा है कि अब हर केस की अच्छी तरह जांच को प्राथमिकता दी जा रही है।

नेता की तरह नहीं एक बेटे की तरह सुरखी विधानसभा क्षेत्र की सेवा की है हमने : राजपूत

सुरखी को मिली 15 करोड के विकास कार्यों की सौगात, मंत्री श्री राजपूत ने किये लोकार्पण एवं भूमिपूजन

भोपाल/नवप्रदेश। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने शनिवार को ग्राम किल्लाई, सेमराघाट, देवलचोरी एवं भैंसा में 15 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि ÷मेरा परिवार वर्षों से सुरखी की सेवा करता आया है। मैंने यहां नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र की सेवा की है और आगे भी विकास का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। राजपूत ने कहा कि एक समय था जब सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव में लोग आने से भी डरते थे क्योंकि न तो यहां सड़के थी और न ही पुल-पुलियें लेकिन आप सब के आशीर्वाद से अब सुरखी विधानसभा का चहुमुखी विकास हो रहा है। चमचमाती सड़को पर सरपट दौड़ती गाडिया सुरखी की कहानी बंया कर रही है। श्री राजपूत ने कहा कि इस विकास का महत्व समझना है तो पुराने दिन भी याद करो। उन्होंनें कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है। झूठे सपने दिखाकर वोट बंटोरने का काम अन्य पार्टियों का है। भाजपा ने हर वर्ग को लाभ पहुंचाया है। जिसके कारण जनता का भरोसा भाजपा पर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जहां पूरे विश्व में भारत का परचम फहराया तो वहीं हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। लाडली बहनों के लिए मुख्यमंत्री ने खजाने खोल दियें है। महिला सशक्तिकरण से मध्यप्रदेश का हर घर सशक्त हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान किल्लाई से देवलचोरी मार्ग के निर्माण कार्य (205.77 लाख रुपये) का लोकार्पण किया गया, जबकि किल्लाई से सेमराघाट मार्ग (306.17 लाख रुपये) का भूमि पूजन संपन्न हुआ। साथ ही किल्लाई मंगल भवन के निर्माण हेतु 15 लाख रुपये की लागत से भूमि पूजन किया गया।

भैंसा क्षेत्र में भी विकास की अनेक सौगातें दी गईं। भैंसा से पड़ा रसोई मार्ग (205.30 लाख रुपये) का लोकार्पण तथा भैंसा से पथरिया मार्ग (555.10 लाख रुपये) का भूमि पूजन किया गया। इसके अतिरिक्त भैंसा मंगल भवन के लोकार्पण हेतु 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई और भैंसा आंगनवाड़ी भवन का भूमि पूजन सहित क्षेत्र में लगभग 15 करोड के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन श्री राजपूत ने किया।

शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री राजपूत ने भैंसा हाई स्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला निर्माण के लिए 18.55 लाख रुपये स्वीकृत करने तथा स्मार्ट क्लास हेतु स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम देवलचोरी माता मंदिर में सीड़ियों सहित घाट निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि भैंसा से पड़ा रसोई मार्ग के निर्माण से पड़ा रसोई, भैंसा, मर्दानपुर, धनोरा, मुहासा, बेरखेड़ी सहित अनेक ग्रामों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं भैंसा से पथरिया मार्ग बनने से नोरजा, पथरिया, खजुरिया, गंभीरयाहाट सहित आसपास के गांवों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण के तहत संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग डॉ. मिश्रा ने गोटेगांव विकासखंड का किया निरीक्षण

जिले में 19 दिसम्बर तक 3 हजार 681 पशुपालकों के घर जाकर किया सम्पर्क

नरसिहंपुर/नवप्रदेश। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश सहित जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। पशु पालन विभाग नरसिंहपुर द्वारा पशुपालकों के घर जाकर उनसे संवाद कर पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने जिले के गोटेगांव विकासखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पशुपालकों के घर जाकर सीधा संवाद किया। उन्होंने दी जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया और अभियान की जानकारी ली। उन्हें अवगत कराया गया कि विकासखंड गोटेगांव में 19 दिसम्बर तक 798 पशुपालकों से सम्पर्क स्थापित किया जा चुका है। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एसके ब्रजपुरिया ने बताया कि जिले में 19 दिसंबर 2025 तक 3 हजार 681 पशुपालकों के घर जाकर विभाग के मैत्री (स्ज्ञ्ञत्र्ऋ) और एव्हीपीओ- सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी ने भेंट किया। इस दौरान पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। अभियान के अंतर्गत गोटेगांव में 798 पशुपालकों, नरसिंहपुर में 786 पशुपालकों, चांवरपाठा में 596 पशुपालकों, करेली में 573 पशुपालकों, चीचली में 568 पशुपालकों और साईखेड़ा में 360 पशुपालकों से घर जाकर सम्पर्क स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में दुग्ध संवर्धन संपर्क अभियान- 2 सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब तक जिले के 436 ग्रामों में व्यापक स्तर पर पशुपालकों से संपर्क किया गया है। अभियान के दौरान विभागीय टीम द्वारा पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नस्ल सुधार के तहत बेहतर दुग्ध क्षमता वाले पशुओं के लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी, पशु पोषण के तहत संतुलित आहार और पोषण प्रबंधन के महत्व पर चर्चा और पशु स्वास्थ्य के तहत बीमारियों से बचाव और टीकाकरण के प्रति जागरूकता किया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज की स्थापना से बैतूल जिले को मिलेगा बहुआयामी लाभ

बैतूल/नवप्रदेश। बैतूल एक जनजातीय बहुल जिला है, जिसकी जनसंख्या लगभग 18 लाख है। जिले में 10 विकासखण्ड हैं, जिनमें से 7 आदिवासी विकासखण्ड हैं। वर्तमान में जिले में 1 जिला अस्पताल, 1 सिविल अस्पताल तथा 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। ऐसे में जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी सोच के परिणामस्वरूप बैतूल जिले को मेडिकल कॉलेज की महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश के जनजातीय एवं दूरस्थ अंचलों में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही केंद्रीय जनजातीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उईके, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, बैतूल जिले के विधायक एवं भाजपा अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल सहित जिले के सभी विधायकगण द्वारा मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु लगातार किए गए समन्वित प्रयास, मांग एवं सकारात्मक पहल का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन स्तर पर जिले की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए जाने के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण परियोजना साकार हो सकी है। मेडिकल कॉलेज खुलने से जिले में तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। इससे गंभीर एवं जटिल बीमारियों के उपचार हेतु मरीजों को बड़े शहरों में रेफर नहीं किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर ही सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों का समय तथा आर्थिक बोझ दोनों कम होगा। मेडिकल कॉलेज के माध्यम से जिले में विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। अत्याधुनिक जांच एवं उपचार सुविधाएँ जैसे सीटी स्कैन, एमआरआई, लीनियर एक्सीलेरेटर आदि उपलब्ध होने से जटिल ऑपरेशन एवं गंभीर रोगों का उपचार स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगा। जिला अस्पताल का उन्नयन होकर वह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध होगा, जिससे बढ़ती मरीज संख्या के बावजूद बेहतर उपचार मिल सकेगा। इसके साथ ही रेफरल के दौरान होने वाली ट्रांसपोर्ट डेथ की

दुर्लभ जड़ी-बूटियों के स्टॉल्स पर उमड़ी सैलानियों की भीड़, 68 लाख से अधिक की हुई बिक्री

वनों को समृद्ध बनाने हुई दो दिवसीय कार्यशाला

रविवार को कच्ची हर्बल सामग्री–केता-विक्रेता सम्मेलन

भोपाल/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय वन मेले के चौथे दिन शनिवार को प्रदेश के वनांचलों से जिला यूनियनों, प्राथमिक वनोपज समितियों और वन धन केन्द्रों द्वारा लाई गई शुद्ध जड़ी-बूटियों और उनसे निर्मित उत्पादों में लोगों की भारी रुचि देखी गई। एम.एफ.पी. पार्क की प्रदर्शनी में गुणवत्ता युक्त और नवीन उत्पादों तथा उनकी आकर्षक पैकेजिंग ने आगंतुकों को आकर्षित किया। चौथे दिन दोपहर तक 68 लाखरूपये से अधिक मूल्य की जड़ी-बूटियों, औषधियों और अन्य वन उत्पादों की बिक्री हुई। मेले में अकाष्ठीय वनोपज से सामुदायिक विकास 'वनों की समृद्धि को सामुदायिक जन कल्याण से जोड़ना' विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री पंकज अग्रवाल ने की। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ तथा म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक डॉ. समिता राजोरा उपस्थित रहीं। कार्यशाला में वनों की समृद्धि, लघु वनोपजों के संवर्धन एवं संरक्षण के संबंध में उपस्थित विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने अनुभव एवं विचार प्रस्तुत किये गये।

बूदनी स्टॉल पर लकड़ी से बने खिलौने और रसोई उपयोग की सामग्रियों की खरीदी में भी लोगों ने उत्साह दिखाया। फूड जोन में पश्चिम छिंदवाड़ा की वनभोज रसोई, अलीराजपुर का दाल-पानियां और बांधवगढ़ के व्यंजन लोगों को देर रात तक लुभाते रहे। आयुर्वेदिक चिकित्सा की बढ़ती लोकप्रियता के कारण मेले में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविरों में आयुर्वेद चिकित्सक और पारंपरिक वैद्य लगातार लोगों को परामर्श दे रहे हैं।

शनिवार को शालेय विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के लगभग 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अपरान्ह में बुंदेली गायन, राजस्थानी लोक नृत्य, और शाम 5:30 बजे से सरगम म्यूजिकल ग्रुप की ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति हुई। इसके बाद फ्लैश मॉब और वन विभाग की प्रस्तुति 'फॉरेस्ट मेलोडी' ने सैलानियों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को डॉ. समिता राजोरा द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

निःशुल्क चिकित्सा हेतु स्थापित ओ.पी.डी. में 119 आयुर्वेदिक चिकित्सकों एवं पारंपरिक वैद्यों ने 350से अधिक लोगों को परामर्श दिया। यह सेवा मेले की अवधि में प्रतिदिन जारी रहेगी।

रविवार 21 दिसंबर के कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में पांचवे दिन रविवार को पूर्वान्ह 10:30बजे से कच्ची हर्बल सामग्री के लिये क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रातः 10:30से दोपहर 2:00बजे तक विद्यार्थियों के एकल और समूह नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। अपरान्ह 2:00से 2:30बजे तक कठपुतली शो और पंजाबी भांगड़ा, और दोपहर 2:30से सायं 4:00बजे तक ऑर्केस्ट्रा का प्रदर्शन होगा। शाम 7:00बजे से श्री नीरज श्रीधर (बॉम्बे वाइकिंग्स फेम) द्वारा संगीतमयी प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

सीएम मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बैठक सम्पन्न

धार/नवप्रदेश। प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। श्री चौधरी द्वारा बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 23 दिसंबर 2025 को जिले में मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई तथा विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं पूर्व अनुभवों और निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाएं। अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण कर लेंगे। इस कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था प्रभारी श्री अभिषेक चौधरी, (आय.ए.एस.) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रहेगें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम अनुसार मंच एवं पार्किंग स्थलों पर आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग तथा आवश्यक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने, अधीक्षक यंत्री विद्युत विभाग को कार्यक्रम स्थल पर आकस्मिकता कारकेड, सम्पूर्ण कार्यक्रम में विद्युत व्यवस्था करने, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीराम बरडे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सचिन लौंगरिया को भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को पेयजल व्यवस्था, शौचालय हेतु पानी की व्यवस्था, जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस, प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन को लाईव प्रसारण, कम्प्यूटर व्यवस्था, लीज लाईन एवं ई-शिलान्यास संबंधी संपूर्ण व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। सहायक परियोजना अधिकारी को मंच संचालन, जिला योजना एवं साख्यिकी अधिकारी व प्रबंधक उद्योग को भूमिपूजन/लोकार्पण की सूची, जिला जनसम्पर्क अधिकारी को फोटोग्राफर, मीडिया सेक्टर एवं प्रचार-प्रसार व्यवस्था सौंपी गई है। इसी प्रकार जिला कार्यक्रम अधिकारी व उप संचालक उद्यानिकी को दीप प्रज्जलन संबंधी संपूर्ण व्यवस्था व हितग्राहियों को सूची तैयार करने, मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सम्पूर्ण साफ-सफाई व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धार, तहसीलदार, सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग, अतिरिक्त क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को भी कार्यक्रम की अलग-अलग व्यवस्थाएं सौंपी गई है। समस्त अधिकारी श्री राहुल गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के सम्पर्क में रहकर कार्य सम्पादित करेगें। समस्त अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राहुल गुप्ता सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

नरसिहंपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री राधेश्याम वर्मा, सिविल सर्जन डॉ. आरके चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने नरसिंहपुर, साईखेड़ा व गोटेगांव स्वास्थ्य केन्द्रों को गर्भवती पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिन शहरी क्षेत्र के वार्डो में आशा कार्यकर्ता नहीं है, वहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से कार्य लिया जावे। गोटेगांव में एचबीएनसी में 83 प्रतिशत उपलब्धि पाई गई। आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिले में एनआरसी के पलंग में वृद्धि करने और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में एनआरसी के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जवाबदारी है कि वे कुपोषित बच्चों को एनआरसी में अवश्य भेंजे। जिले के अधिकारी स्वास्थ्य संस्थाओं का भ्रमण करें और निरीक्षण पंजी में अपनी टीम अवश्य अंकित करें। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में निरीक्षण पंजी रजिस्टर अवश्य रखें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि साईखेड़ा ब्लॉक में शतप्रतिशत एनसीडी पोर्टल में हाईपरटेंशन की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में कर्मचारी नहीं है और आईडीएसपी कार्यक्रम की रिपोर्ट की वैकल्पिक व्यवस्था करें। टीबी कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक फूड बास्किट प्राप्त हो, इसके लिए जनप्रतिनिधियों व सक्षम व्यक्तियों से सहयोग प्राप्त करें और उनका प्रचार- प्रसार करें। जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं व बच्चों को समय पर पोषण आहार वितरित हो। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की शतप्रतिशत उपलब्धि इस माह पूर्ण की जावे। बैठक में सीएमएचओ डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने कुपोषण से निपटने के लिए कार्ययोजना माइक्रो

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

सिंगरौली/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके के अध्यक्षता में एवं राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सिंगरौली विधान सभा के विधायक श्री राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक श्री राजेन्द्र मेश्राम, सिहावल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर श्री गौरव बैनल, पुलिस अधीक्षक श्री मनीश खत्री, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे,भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह सहित समिति के सदस्यो के गरिमामय उपस्थिति में जिला विकास सलाहकार सिमिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने समिति के सदस्यो को अपनी शुभकामनाए देते हुयें अवगत कराया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मशानुसार 2047 में प्रदेश की संरचना कैसी हो उसके संबंध में अलग अलग क्षेत्र जिन में व्यापार, समाजसेवी, प्रौद्योगिकी आदि वर्गो के प्रतिनिधियों को शामिल कर जिला विकास सलहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य जिले के सम्पूर्ण विकास हेतु सभी महत्वपूर्ण विंदुओ पर अपना सुझाव देना है ताकि जिले का विकास तैयार किए गयें विजन 2047 के अनुसार हो सके। बैठक के प्रांरभ में कलेक्टर श्री गौरव बैनल द्वारा प्रभारी मंत्री सहित समिति के सदस्यो का स्वागत करते हुयें विजन भारत 2047 के मुकामो को हासिल करने में सिंगरौली जिला किस प्रकार अपना योगदान देगा इस संबंध में प्रभारी मंत्री सहित उपस्थित समिति के सदस्यों को जिले के विकास हेतु अधोसंरचना, उद्योग,स्वरोजगार, स्वास्थ्य, नगरीय विकास, ग्रामीण विकास,शिक्षा एवं कौशल के महत्वपूर्ण पहलुओ के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

प्रभारी मंत्री ने समिति द्वारा प्रस्तावित सभी सुझावो से अवगत होने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री सडक योजना अंतर्गत 250 से अधिक आबादी वाले ऐसे ग्रामो को जिनमें जिन में पहुच मार्ग की आवश्यकता हो उन्हे विधानसभावार चिन्हित कर समिति अपने विधायको के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करे ताकि ग्रामो में सुगम आवागमन हेतु पहुच मार्ग उपलंब्ध कराया जा सके। उन्होने कहा कि जिले में सिचिंत भूमि के क्षेत्रफल को बड़ाये जाने की आवश्यकता है जिसके लिए लघु एवं मध्यम सिचाई परियोजनाओ को शीघ्र ही संचालित किया जाये। इसकी साथ ही इन परियोजनाओ के सर्वे में छूटे हुयें क्षेत्रो को चिन्हित कर समिति प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करे। उन्होने कहा कि उर्जा एवं विद्युतीकरण जिले के विकास की महत्वपूर्ण नीव है इसे हर घर तक पहुचना हमारा प्राथमिक कर्तव्य बनता है अतः विद्युतीकरण से वंचित दूरस्थ मझरे टोलो को चिन्हित कर उन क्षेत्र में विद्युतीकरण किया जाना सुनिश्चित करे। नवीन उर्जा के स्त्रोत जैसे सौर उर्जा को विभिन्न सरकारी योजनाओ के माध्यम से किसानो तक पहुचाया जायें। जिसके लिए प्रचार प्रसार कर जागरूक करे। प्रभारी ने उद्योग एवं रोंजगार के विंदुओ पर चर्चा करते कहा कि उद्योगीकरण हेतु एमपीआईडीसी निर्धारित किए गए औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगो के लिए जमीन आवंटन किया जायें। साथ ही देवसर एवं चितरंगी क्षेत्रांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र विकशित करने हेतु प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए जायें। उन्होने कहा कि जिलें में सभी वर्गो में सहकारी समितियों का गठन किया जायें ताकि वित्त सहकारिता, दुग्ध उत्पादन, मछली पालन जैसे महत्वपूर्ण व्यावसयो को बड़ावा दिया जाकर जिलें के आर्थिक विकास में वृद्धि की जा सके। साथ ही यह सुनिश्चित करे कि इन समितियों कार्यो में एकरूपता रखी जायें। उन्होने कहा कि सिंगरौली जिलें में आजीविका मिशन के माध्यम से 28 हजार 947 लखपति दीदीयों को स्वरोजगार दिया जा रहा है जो सराहनीय पहल है। हमे प्रयास करना होगा कि सिंगरौली जिले के विशेषता

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुदित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।